रोहतक
सोमवार, 13 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 254
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 33.7
न्यूनं. 16.9


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




फॉलोऑन के बाद वेस्टइंडीज का पलटवार
कैंपबेल और होप की शतकीय साझेदारी
7

## खबर संक्षेप

### स्मृति ने रचा इतिहास, वनडे में बनाए 5000 रन



**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने वनडे में 5000 रन पूरे कर लिए और दुनिया में पांचवीं व भारत के लिए ऐसा करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विशाखापत्तनम में खेले गए मुकाबले में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। *एजेंसी*

### दिवाली से पहले आएंगे 21वीं किस्त के 2-2 हजार रुपये!



**नई दिल्ली।** पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त का देशभर के करोड़ों किसान बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार दिवाली से पहले किसानों के खातों में 2,000 रुपये जमा हो सकते हैं। अभी तक सिर्फ जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के किसानों के अकाउंट में 21वीं किस्त का पैसा ट्रांसफर किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में इन राज्यों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ था। सरकार द्वारा कोई आधिकारिक तारीख घोषित नहीं की गई है। *एजेंसी*

## सीएम सैनी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले

# हरियाणा हाउसिंग बोर्ड का एचएसवीपी में विलय, आवास संबंधी कार्य होंगे सरल

- हाउसिंग बोर्ड संशोधन विधेयक 2025 मंजूर
- पंजाब फैक्टरी नियम 1952 में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी
- छोटे अपराधों को अपराध मुक्त रखने का प्रस्ताव
- ढाई घंटे चली बैठक, सरकार का एक साल पूरा होने पर भी चर्चा
- पीएम मोदी 17 को करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

**ग्राम पंचायतें 250 एकड़ तक की भूमि का उपयोग प्लान तैयार कर सकेंगी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में रविवार को हरियाणा कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई बड़े फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में तय हुआ है कि हाउसिंग बोर्ड को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के साथ विलय किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा हाउसिंग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप को मंजूरी प्रदान दी गई। इस संशोधन के बाद शहरी विकास और आवास संबंधी कार्य सरल होंगे। मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट भाषण में हाउसिंग बोर्ड हरियाणा को भंग कर उसके कार्य एचएसवीपी में समाहित करने की घोषणा की थी, ताकि शहरी विकास एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सके। लगभग ढाई घंटे चली इस मीटिंग में 17 अक्टूबर को सोनीपत में नायब सरकार का एक साल पूरा होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे।



*शामलात भूमि में 4 फीसदी हिस्सा 60% या अधिक विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित किया*

*बीस वर्षों के लिए गो अभ्यारण्य हेतु 5100 प्रति एकड़ वार्षिक दर पर भूमि पट्टे पर देने की मंजूरी*

## महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर

### ग्राम सभा की बैठकों में सदस्यों की 40% भागीदारी

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अध्यादेश, 2025 के माध्यम से हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। संशोधन के अनुसार, किसी भी सरकारी योजना के पात्र लाभार्थियों पर विचार और उन्हें मंजूरी देने के लिए होने वाली ग्राम सभा की बैठक का कोरम ग्राम सभा के सदस्यों का 40 प्रतिशत होगा। हालांकि, पहली और दूसरी स्थगित बैठकों में कोरम क्रमशः ग्राम सभा के सदस्यों का 30 प्रतिशत और 20 प्रतिशत से होगा। इस निर्णय से पंचायती राज व्यवस्था में पारदर्शिता और कार्यप्रणाली में सुधार की संभावना है।



### पंजाब फैक्ट्री नियम : लैंगिक असमानता होगी समाप्त

बैठक में पंजाब फैक्ट्री नियम, 1952 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह संशोधन कारखानों में कुछ प्रक्रियाओं में महिलाओं को कार्य करने की अनुमति देने से संबंधित है। इसके तहत नियमों के अंतर्गत देय शुल्क को अब ऑनलाइन माध्यम से जमा कराने की सुविधा दी जाएगी। इस संशोधन से लैंगिक असमानता समाप्त होगी, महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और इंजीनियरिंग, केमिकल्स व विनिर्माण जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बढ़ेगी, जहां पहले महिलाओं की भागीदारी सीमित थी। संशोधन में यह भी सुनिश्चित होगा कि गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं खतरनाक श्रेणी के कार्यों से बाहर रहें, जिससे उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की पूर्ण सुरक्षा बनी रहे।

### हरियाणा जन विश्वास अध्यादेश 2025 को हरी झंडी

हरियाणा जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अध्यादेश, 2025 को लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। यह पहल भारत सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में अनुपालन बोझ को कम करने और छोटे अपराधों को अपराध मुक्त करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। हरियाणा जन विश्वास अध्यादेश, 2025, 17 विभागों की ओर से प्रशासित 42 राज्य अधिनियमों में निहित 164 प्रावधानों को अपराध मुक्त करने का प्रयास करता है। यह अध्यादेश छोटी तकनीकी और प्रक्रियात्मक चूकों के लिए आपराधिक दंडों के स्थान पर दीवानी दंड और प्रशासनिक कार्रवाई का प्रावधान करता है।



## करनाल में भीषण हादसा

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर चाचा-भतीजे की मौत

**हाईवे पर ट्रक ने कार को भी मारी टक्कर गाड़ी पलटने से 3 घायल**

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** करनाल के घरौंडा नेशनल हाईवे पर रविवार दोपहर बड़ा सड़क हादसा हो गया। सूर्यवंशी होटल के सामने ट्रक, ट्रैक्टर और कार की टक्कर में ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतक आपस में चाचा-भतीजा थे और सुपर सीडर लेने के लिए करनाल की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### भालौर गांव से करनाल जा रहे थे दोनों

पुलिस जांच में सामने आया कि ट्रैक्टर पानीपत जिले के भालौर गांव से करनाल की ओर जा रहा था। ट्रैक्टर पर 55 वर्षीय जगपाल और 40 वर्षीय रोहताश सवार थे। दोनों आपस में चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं। जैसे ही ट्रैक्टर सूर्यवंशी ढाबे के सामने पहुंचा, सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और आगे चल रही कार से जा भिड़ा। ट्रक की टक्कर से आगे चल रही कार हाईवे पर पलट गई। कार में एक महिला, एक बच्चा और एक व्यक्ति सवार थे। हादसे में तीनों को हल्की चोटें आईं, गनीमत रही कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी।

### हाईवे पर बनी जाम की स्थिति

हादसे में ट्रैक्टर पर सवार जगपाल और रोहताश ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों को निकालने के लिए लोगों ने काफी मशक्कत की। इस बीच हाईवे पर लंबा जाम लग गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया और जाम खुलवाया।





10 YEAR WARRANTY

BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

72198 21111

HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road**:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;**. **Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830**.

## खबर संक्षेप

### पलवल को जल्द मिलेगी मेट्रो की सुविधा : गुर्जर

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और हरियाणा प्रदेश अभूतपूर्व विकास के मार्ग पर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की हर नीति का लक्ष्य आमजन का उत्थान है और अंत्योदय व जनसेवा ही सरकार के विकास का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बल्लभगढ़ से पलवल तक भी मेट्रो रेल का काम भी शुरू होने वाला है, जिससे पलवल के लोगों को सफर में सुविधा मिलेगी। इससे पलवल के यात्रियों का दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद आना-जाना आसान हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री नगर पालिका अधीन लगभग 12 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे।

### प्राइवेट स्कूलों पर जुर्माना लगाना अनुचित : शर्मा

**चंडीगढ़।** दिवाली जैसे त्यौहार के मौके पर निजी विद्यालयों पर शिक्षा विभाग द्वारा आर्थिक दंड लगाने की योजना ने सभी स्कूल संचालकों में निराशा का माहौल बना दिया है। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने शिक्षा विभाग के फैसले की आलोचना की है।एक तरफ तो सरकारें और कंपनियां बोनस और वस्तुओं पर विशेष छूट देकर त्योहार मनाती हैं। कार्रवाई विशेषकर उन स्कूलों पर की जा रही है जो सीमित फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। इस प्रकार का दंड न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाता है, बल्कि शिक्षा जगत में हताशा भी पैदा करता है।

### युवा योद्धा सम्मेलन से ताकत दिखा रही जजपा

**चंडीगढ़।** आज भाजपा सरकार में प्रदेश के खराब हालातों को देखकर लगता है कि हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। सिस्टम में बैठे लोग मौज लूट रहे और जनता परेशान हो रही है। सरकार केवल हवा-हवाई बातें करके जनता को धोखा देने की कोशिश कर रही है, लेकिन धरातल की सच्चाई जगजाहिर है। यह बात जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कही। वे रविवार को कैथल जिले में आयोजित जेजेपी के युवा योद्धा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### कैब चालक लूटपाट के आरोप में तीन काबू

**गुरुग्राम।** पटौदी थाना पुलिस को दो दिन पहले पुलिस ने सूचना पटौदी बाइपास से एक कैब ड्राइवर के साथ मारपीट कर गाड़ी व मोबाइल लूटने को लेकर मिली। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से लूटी गई कैब पर मोबाइल को भी बरामद कर लिया है।इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को 12 अक्टूबर को गांव जाटौली गुरुग्राम से काबू किया है। बालिग आरोपी की पहचान मोसूद (19 वर्ष) निवासी मोहिनगर, जिला उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम-बंगाल) के रूप में हुई है।

### इको ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी थाना क्षेत्र में इको वैन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में पति-पत्नी घायल हो गए, जबकि उनका 13 वर्षीय बेटा चोट लगने बच गया। महिला को गंभीर चोटें लगने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान शिवाजी नगर क्षेत्र निवासी नमीता गोयल के रूप में हुई है। पुलिस की छानबीन में पता चला कि नमीता गोयल शनिवार की रात करीब 11 बजे अपने पति रोहित गोयल व 13 साल के बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर न्यू कॉलोनी क्षेत्र में आइसक्रीम खाने के लिए गई थी। जब वे वापस आ रहे थे तो न्यू कॉलोनी थाना से कुछ दूरी पर तेज रफ्तार इको वैन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में नमीता को गंभीर चोटें व उसके पति के पैर में चोट लगी। जबकि इस हादसे में दंपती के बेटे घायल हो से बच गया।नमीता गोयल को उपचार के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

---

पीएम मोदी गरीबों को दे सकते हैं दो बड़ी योजनाओं की सौगात

# 25000 प्लॉट और 7000 से अधिक फ्लैट देने की तैयारी में प्रदेश सरकार

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश की नायब सैनी सरकार का एक साल पूरा होने को लेकर प्रदेशभर में कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है। वहीं 17 अक्टूबर को पीएम नरेंद्र मोदी सोनीपत में रैली को संबोधित करेंगे और नायब सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे। इस मौके पर पीएम मोदी गरीबों को बड़ी सौगात दे सकते हैं। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, 17 अक्टूबर को पीएम मोदी रैली के दौरान 2 बड़ी योजनाएं शुरू करने का ऐलान कर सकते हैं। इनमें सरकार की गरीबों को 25 हजार प्लॉट और 7 हजार से अधिक फ्लैट देने का ऐलान किया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि सरकार के स्तर पर इसकी तैयारी चल रही है। ये फ्लैट प्रदेश के विभिन्न शहरों में डेवलपर्स ने बनाए हैं। इस दौरान हरियाणा में बने दिल्ली-कटरा हाईवे का भी उद्घाटन हो सकता है। हालांकि, इन सभी योजनाओं को फाइनल किया जा रहा है। वहीं रविवार को चंडीगढ़ में हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में भी रैली को लेकर चर्चा की गई।

**हरियाणा में बने दिल्ली-कटरा हाईवे का भी उद्घाटन होने की संभावना**



### रैली के रूट प्लान व सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश

सीएम नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि पीएम के कार्यक्रमों के लेकर समय-सारिणी, रूट प्लान, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को अंतिम रूप दिया जाए। कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसलिए आमजन के लिए भी अलग से रूट प्लान किए जाएगा। पार्किंग की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल के आसपास की जाएगी।

### सोनीपत पार्टी कार्यालय में बैठक : प्रधानमंत्री की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को लगाई ड्यूटी

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी स्वर्ण कमल कार्यालय में 17 अक्टूबर को होने वाली राजीव गांधी एजुकेशन सिटी राई में जन विश्वास, जन विकास रैली की तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में रैली की व्यवस्थाओं, जनता की सुरक्षा, ट्रैफिक, वाहन पार्किंग, खान-पान एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारियां तय की गई। जिला सोनीपत की सभी विधानसभाओं से वाहनों द्वारा समर्थक रैली स्थल तक पहुंचेंगे। इसके लिए मंडल अध्यक्षों, पूर्व प्रत्याशियों, संगठन के सभी मोर्चो एवं जिला पदाधिकारियों को विशेष ड्यूटियां सौंपी गई।




#### प्रदेश महामंत्री पहुंचे

*बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा प्रदेश महामंत्री सतीश पूनिया एवं अर्चना गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन, गन्नौर से पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, पूर्व मंत्री अनिल टक्कर व अन्य मौजूद रहे।*

### हरियाणवी लोक कलाकार करेंगे रैली में आने वाले लोगों का स्वागत

मीडिया प्रभारी एडवोकेट दिनेश अत्री ने बताया कि रैली स्थल पर आने वाले लोगों का स्वागत ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों, बीन की मधुर धुनों एवं हरियाणा के सुप्रसिद्ध लोक कलाकारों के गीतों से किया जाएगा। कार्यक्रम में लोक संगीत और मनोरंजन के विविध साधनों के माध्यम से उत्सवमय वातावरण बनाया जाएगा।

**रैली के लिए तैयार हो रहा पंडाल**



---

अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा व आयोग के सदस्यों ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की

# हरियाणा मानव अधिकार आयोग की वार्षिक रिपोर्ट का लोकार्पण



**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम घोष से हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा और दोनों सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल प्रो. घोष का स्वागत पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर किया तथा आयोग की 2024-2025 की वार्षिक रिपोर्ट की पहली प्रति प्रस्तुत की। इस अवसर पर राज्यपाल ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का औपचारिक लोकार्पण किया। हरियाणा राज भवन में हुई यह भेंट माननीय प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा हरियाणा के राज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद आयोग के साथ पहली औपचारिक मुलाकात थी। बैठक के दौरान आयोग द्वारा नवंबर 2024 में पुनर्गठन के बाद से अब तक किए गए कार्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### राज्यपाल ने आयोग के कार्यों को सराहा

राज्यपाल ने आयोग के कार्यों को जमकर सराहा। जस्टिस ललित बत्रा ने बताया कि नवंबर 2024 तक आयोग के पास 2,991 प्रकरण लंबित थे, जबकि नवंबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच 2,514 नए मामले प्राप्त हुए। इस प्रकार आयोग ने कुल 5,505 मामलों की सुनवाई कर 4,548 प्रकरणों का निपटारा किया है। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने नवंबर 2024 में 32, दिसंबर 2025 में 148 और फिर 2025 के जनवरी में 551, फरवरी में 360, मार्च में 691, अप्रैल में 478, मई में 826,जुलाई में 569, अगस्त में 433 और सितम्बर में 460 केस में अपना निर्णय दिया। इस तरह सितंबर 2025 तक अब केवल 957 केस ही लंबित हैं जिन पर सुनवाई जारी है।राज्यपाल प्रो. घोष ने आयोग द्वारा तेज गति से मामलों की सुनवाई कर न्याय प्रदान करने के प्रयासों की की सराहना की।

---

आरटीआई की 20वीं वर्षगांठ पर बोले पूर्व सीएम हुड्डा

# आरटीआई को कमजोर करने वाले संशोधनों को तुरंत रद किया जाए

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने सूचना का अधिकार अधिनियम की 20वीं वर्षगांठ पर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि यह कानून देश के आम नागरिकों को सशक्त बनाने का एक मजबूत हथियार था। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 12 अक्टूबर 2005 को इस कानून को लागू कर देश में पारदर्शिता और जवाबदेही की नई मिसाल कायम की थी। हुड्डा ने बतायाकि यह कानून यूपीए के उस एजेंडे का हिस्सा था, जिसमें मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, वन अधिकार अधिनियम, और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा जैसे जनहितकारी कदम शामिल थे।

### 2014 से लगातार कमजोर किया गया

आरटीआई ने आम लोगों, खासकर समाज के सबसे कमजोर तबके को



भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने का हक दिया। लेकिन 2014 के बाद से बीजेपी द्वारा आरटीआई को लगातार कमजोर किया जा रहा है, जिससे देश की पारदर्शिता और लोकतंत्र पर गहरा असर पड़ा है। केंद्र और राज्य आयोगों में खाली पदों को नहीं भरा जा रहा।

### लोकतांत्रिक हथियार है आरटीआई : नरेंद्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में लागू किया गया सूचना का अधिकार कानून को भाजपा की सरकार ने कमजोर करने का काम किया है। आरटीआई को लोकतंत्र का मजबूत हथियार बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने फायदों के लिए इसमें भाजपा सरकार ने संशोधन किए हैं। आरटीआई के अलावा और भी कई कानूनों को कमजोर किया गया है। कांग्रेस की सरकार बनने पर इसे मजबूत किया जाएगा।

---

सिरसा सांसद सैलजा का आरोप

# नौकरी देने के बजाए विभागों में पद कम कर रही सरकार

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की सरकार रोजगार देने के बजाए विभिन्न विभागों में पदों की कटौती करने में लगी हुई है यानि सरकार युवाओं से नौकरी के हक छीन रही है। सरकार को नौकरी देने की दिशा में कदम उठाना चाहिए न कि



रोजगार खत्म करने में। सरकार की गलत नीतियों के चलते युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है, प्रदेश की प्रतिभाएं रोजगार की तलाश में पलायन कर रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा के सिंचाई विभाग में पदों की कटौती को लेकर कर्मचारियों में रोष है, जो युवा नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे थे पद कम कर उनके सपनों को तोड़ा जा रहा है। वर्ष 2023 तक सिंचाई विभाग में 19682 पद स्वीकृत थे पर सरकार ने 12284 पद ही रखे और शेष 7398 पद कम कर दिए जिसे लेकर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है, सरकार ऐसा कर युवाओं से रोजगार के अवसर छीन रही है। इतना ही नहीं सरकार रेशनाइलेजन के नाम पर सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी और जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के 35 हजार पद कम कर दिए है जबकि इनमें से 24 हजार पद स्थायी है। कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा सिंचाई विभाग में स्वीकृत पदों में से 7,398 पदों की कटौती करने से विभाग के कार्य-संचालन में असर पड़ रहा है।

---

राष्ट्रीय महामंत्री ने सराहा प्रधानमंत्री मोदी का विजन

# आत्मनिर्भर भारत ने पांच साल में भारत को बनाया चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था : चुघ




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना अब साकार हकीकत बन चुका है। उन्होंने कहा कि मई 2020 में मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत का आह्वान किए जाने के केवल पांच वर्षों में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह उपलब्धि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक शक्ति और संकल्प का परिणाम है। पंचकूला पीडब्लूडी विश्राम गृह के सभागार में आयोजित जीएसटी बचत महोत्सव एवं आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे तरुण चुग ने कहा, आत्मनिर्भर भारत कभी कोई योजना भर नहीं था, बल्कि भारत को आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक स्वतंत्रता दिलाने का विराट मिशन था।

### हर क्षेत्र में देश तेजी से तरक्की कर रहा

उन्होंने याद दिलाया कि कोरोना महामारी के दौरान जब भारत मास्क और पीपीई किट तक के लिए विदेशों पर निर्भर था, तभी कुछ ही महीनों में देश दुनिया का प्रमुख उत्पादक बन गया। यही आत्मनिर्भरता की पहचान है, यही नए भारत की ताकत है। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ा, मोबाइल निर्माण 28 गुना उछला, रक्षा निर्यात 100 देशों को 23,000 करोड़ रुपये से अधिक पहुंचा, और भारत दुनिया का फार्मेसी हब बना।

---

### लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए तीन श्रेणियों में दिए जाएंगे पुरस्कार

**चंडीगढ़।** भारत सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं। तीन श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे।

## महिला चिकित्सक की वीडियो बनाने के आरोप में कर्मचारी गिरफ्तार

**अंबाला।** सद्दोपुर स्थित एक कॉलेज के शौचालय में महिला डॉक्टर शिक्षिका की एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी द्वारा अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। महिला ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया। आरोपी की पहचान लालडू के कुराली वासी आर्यन उर्फ टन्नी के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी के मोबाइल को भी जब्त कर लिया गया है ताकि एफएसएल में भेजकर उसकी जांच करवाई जा सके कि आखिर पहले कोई वीडियो बनाया है कि नहीं।

**महिला शौचालय में घटिया हरकत :** बलदेव नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला डॉक्टर ने बताया कि वह सद्दोपुर के कॉलेज में पढ़ाने आती हैं। 11 अक्टूबर की सुबह वह अपने डिपार्टमेंट के महिला शौचालय में जा रहीं थी तो एक लड़के को बाथरूम के साथ बनी सीढ़ियों पर मोबाइल पकड़े देखा। युवक कॉलेज का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। जैसे ही वह बाथरूम के केबिन में थी तो लगा कि नीचे एक जगह में से लाइट आ रही थी। झुक कर देखा तो मोबाइल से मूवी बनाई जा रही थी।

---

छह दिन बाद भी नहीं हो सका एडीजीपी का अंतिम संस्कार

# कई राज्यों के नेताओं ने परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया, बयानबाजी और सियासत भी तेज

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार एक आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार की मौत का मामला राज्य सरकार और आला अफसरों के गले की फांस बन गया है। छह दिन बीत गए लेकिन आईपीएस वाई पूर्ण कुमार के शव का सम्मान जनक अंतिम संस्कार नहीं हो सका है। रविवार को इस बारे में महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें डीजीपी शत्रुजीत कपूर को हटाने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर दलित नेता अड़े रहे साथ ही 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। कुल मिलाकर पूरे मामले में सियासत भी तेज हो गई है। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने पूरे प्रदेश में देर रात तक कैंडल मार्च निकालने की मुहिम चला दी है। वहीं, दूसरी तरफ यूपी से चंद्रशेखर रावण, कांग्रेस सुप्रीम सोनिया गांधी का पत्र आने के साथ ही सांसदों सैलजा, वरुण मुलाना, सुरजेवाला के अलावा भाजपा के मंत्री और दिग्गज नेता अनिल विज, प्रो. रामविलास शर्मा, पीसीसी अध्यक्ष राव नरेंद्र के साथ-साथ में हरियाणा कांग्रेस, आप पार्टी के नेता भी चंडीगढ़ आकर हाजरी दे चुके हैं।

### तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री शोक संदेश लेकर पहुंचे


तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का आईपीएस. अधिकारी वाई. पूर्ण कुमार की मौत के मामले में शोक संदेश लेकर सरकार की ओर से आ रहे हैं। वे सोमवार की सुबह 10 बजे तेलंगाना सरकार की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के साथ ही उनकी धर्मपत्नी अमनीत पी कुमार से मुलाकात करेंगे। हरियाणा सरकार और अफसरों के लिए भी वाई पूर्ण कुमार के शव का पोस्टमार्टम नहीं होना सिरदर्द साबित हो रहा है। अहम बात यह है कि मंत्रियों, सीपीएस सीएम और प्रमुख सचिव तमाम दिग्गजों के कई बार चक्कर लगाने व मान मनौव्वल के बावजूद मामला बढ़ता ही जा रहा है।

### सरकार को घेर रहा विपक्ष

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी द्वारा मामले में सियासत तेज कर दी गई है। क्षेत्रीय दलों के नेता और पार्टियां सरकार को घेरने का मौका नहीं चूक रही हैं। पंजाब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमिंदर सिंह राजा वड़िंग ने रविवार को चंडीगढ़ पहुंचकर आईपीएस वाई पूर्ण कुमार के परिजनों से मुलाकात की। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह मेरी जिंदगी का पहला ऐसा मामला है, जिसमें सुसाइड नोट मिलने के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि वाई पूर्ण कुमार एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी थे। वे राष्ट्रपति सम्मान से पुरस्कृत थे। उनकी पत्नी भी आईएएस अधिकारी हैं। बावजूद इसके इस केस में इतनी बड़ी लापरवाही समझ से परे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ पुलिस को मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। हमें नहीं पता कि चंडीगढ़ पुलिस पर क्या दबाव है, क्योंकि सुसाइड नोट के मामले में पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है, लेकिन इस मामले ने देश को शर्मसार किया है। चिंता की बात यह है कि अगर इतने बड़े पुलिस अधिकारी और उनके परिवार को अगर न्याय नहीं मिल रहा है तो आम आदमी का क्या होगा। जजपा नेता अजय सिंह चौटाला व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी परिजनों से भेंट कर शोक जताया।

### परिवार अब भी इंसाफ का इंतजार कर रहा : ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने



कहा कि हरियाणा कैडर के 2001 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या के छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन न तो पोस्टमार्टम हुआ है और न ही अंतिम संस्कार। परिवार अब भी इंसाफ का इंतजार कर रहा है। परिवार ने साफ कहा है कि जब तक डीजीपी शत्रुजीत कपूर को हटाकर गिरफ्तार नहीं किया जाता और सुसाइड नोट में नामजद अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक वह पीछे नहीं हटेंगे। यह देरी न्याय में विश्वास को तोड़ती है। अनुराग ढांडा ने कहा, पूरन कुमार की मौत ने बीजेपी की दलित विरोधी सोच को नंगा कर दिया है।

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** द्वितीय तल, 2/30, बुलगेनिंस टावर, आदर्श नगर, डी-पार्क, दिल्ली रोड, रोहतक-124001
**शाखा कार्यालय :** एससीओ नं. 121, सेक्टर-17, प्रथम तल, कमर्शियल बैल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जयवीर पुत्र राम सरूप (कर्जदार), कौशल्या पत्नी रामसरूप (सह-कर्जदार), LHROH00001548851. | जयवीर पुत्र रामसरूप के पक्ष में दस्तावेज नं. 906 दिनांक 07.08.2023 के तहत जमाबंदी वर्ष 2019-20 हेतु कटेसरा तहसील कलानौर, जिला रोहतक, हरियाणा में स्थित एनए खेवट नं. 166, खतौनी नं. 227, किल्ला नं. 55//13 (7-2) माप 0 कनाल 17 मरला (514.25 वर्गगज) वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं- उत्तरः 36.5 फुट गली, दक्षिण : 36.5 फुट स्टेडियम, पूर्व : 127 फुट भूमि फरीक अव्वल, पश्चिम : 127 फुट भूमि फरीक अव्वल। / कब्जे की तिथि - 09 अक्तूबर 2025 | 21-03-2025 रु. 29,92,225/- | रोहतक |
| 2. | जयवीर पुत्र राम सरूप (कर्जदार), कौशल्या पत्नी रामसरूप (सह-कर्जदार), LHROH00001549083. | जयवीर पुत्र रामसरूप के पक्ष में दस्तावेज नं. 906 दिनांक 07.08.2023 के तहत जमाबंदी वर्ष 2019-20 हेतु कटेसरा तहसील कलानौर, जिला रोहतक, हरियाणा में स्थित एनए खेवट नं. 166, खतौनी नं. 227, किल्ला नं. 55//13 (7-2) माप 0 कनाल 17 मरला (514.25 वर्गगज) वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं- उत्तर : 36.5 फुट गली, दक्षिण : 36.5 फुट स्टेडियम, पूर्व : 127 फुट भूमि फरीक अव्वल, पश्चिम : 127 फुट भूमि फरीक अव्वल। / कब्जे की तिथि - 09 अक्तूबर 2025 | 21-03-2025 रु. 1,13,651.42/- | रोहतक |
| 3. | विनोद पुत्र सुखबीर सिंह (कर्जदार), सुरेश पत्नी सुखबीर (सह-कर्जदार), किरण सी/ओ विनोद (सह-कर्जदार), आशीष पुत्र सुखबीर सिंह (सह-कर्जदार), LHROH00001503367 | सुरेश देवी के पक्ष में दस्तावेज नं. 1043 दिनांक 01.08.2014 के अनुरूप इस्माईला-11 बिस्वा, तहसील सांपला जिला रोहतक (हरियाणा) में स्थित खेवट नं. 237, किल्ला नं. 177//11/1, माप 2के-05एम जो 10/45 हिस्सा अर्थात 0के-10एम (308 वर्गगज) वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से / कब्जे की तिथि 09 अक्तूबर 2025 | 24-07-2025 रु. 18,24,908/- | रोहतक |
| 4. | दिया अब्रोल पत्नी मुनीष अब्रोल (कर्जदार), मुनीष अब्रोल पुत्र राज कुमार अब्रोल (सह-कर्जदार), LHYGR00001460461 | श्रीमती दिया अब्रोल के पक्ष में दस्तावेज नं. 2334 दिनांक 21.06.2022 के अनुरूप नगर निगम यमुनानगर के अंदर मौजा फरकपुर, अब पृथ्वी नगर के रूप में जाना जाता, ब्लॉक-ए, यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित सम्पत्ति/प्लॉट नं. 8 पीपीआईडी नं. 337C527U64, माप 150 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं- पूर्व : साइड 30 फीट और सम्पत्ति दर्शन सिंह, पश्चिम : साइड 30 फीट और गली, उत्तर : साइड 45 फीट और मकान एवं प्लॉट टू 7 सतपाल सिंह, दक्षिण : साइड 45 फीट और मकान एवं प्लॉट टू 9 बंता राम / कब्जे की तिथि - 09 अक्तूबर 2025 | 24-07-2025 रु. 32,04,706.8/- | यमुनानगर |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक :** 13 अक्तूबर 2025
**स्थान :** रोहतक, यमुनानगर

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

## विचार

इतनी जल्दी दुनिया की कोई चीज नहीं बदलती जितनी जल्दी इंसान की नजरें और नियत बदल जाती है।


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





5 मोदी 15 से बिहार में करेंगे चुनाव प्रचार




आईपीएस सुसाइड

# महापंचायत का अल्टीमेटम, छठे दिन भी नहीं हो पाया पोस्टमार्टम

**डीजीपी शत्रुजीत कपूर को हटाने की रखी मांग, ऐसा नहीं करने पर उग्र प्रदर्शन की धमकी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आईपीएस वाई पूरन कुमार के आत्महत्या मामले में रविवार को चंडीगढ़ में सेक्टर-20 स्थित गुरु रविदास गुरुद्वारे में महापंचायत हुई। महापंचायत ने सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया। इसमें डीजीपी शत्रुजीत कपूर को हटाने की मांग की गई। यदि ऐसा नहीं हुआ प्रदर्शन उग्र किया जाएगा।

महापंचायत के बाद लोग हरियाणा के गवर्नर अशीम घोष को ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, लेकिन उन्हें पुलिस ने नहीं जाने दिया। इसके बाद गवर्नर खुद आईएएस अमनीत पी. कुमार से मिलने पहुंचे। उन्होंने 22 मिनट तक मुलाकात की। इनसे पहले हरियाणा सीआईडी के एडीजीपी सौरभ सिंह भी मिलने आए।

उधर, छठे दिन भी पूरन कुमार के पोस्टमॉर्टम पर सहमति नहीं बना पाई। दिवंगत आईपीएस की आईएएस पत्नी अमनीत पी. कुमार की सेक्टर-11 स्थित आवास पर 2 सीनियर आईएएस अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई। इस बीच कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हम पूरन कुमार के परिवार से लगातार मिल रहे हैं। परिवार के कहने पर ही रोहतक एसपी को हटाया गया है।

**गवर्नर को ज्ञापन सौंपने जा रहे लोगों को पुलिस ने रोका**

**पोस्टमार्टम के लिए सहमति बनाने के लिए दिनभर चले प्रयास**



**जांच टीम रोहतक पहुंची, सरकार से मांगे दस्तावेज :** आईपीएस पूरन कुमार के सुसाइड केस में गठित चंडीगढ़ पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम रविवार को रोहतक पहुंची। टीम ने जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार को लेटर भेजा गया है। साथ ही आईपीएस की पत्नी आईएएस अमनीत पी. कुमार को लेटर भेजकर शव की पहचान के लिए आने को कहा है, ताकि जल्द पोस्टमॉर्टम कराया जा सके।

**चंडीगढ़ में 5000 सफाई कर्मियों ने दी काम छोड़ने की धमकी**

**आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की उठाई मांग**

## एससी/एसटी एक्ट की धारा मजबूत की

*चंडीगढ़ पुलिस ने केस में एससी/एसटी एक्ट की धारा मजबूत की है। एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (1) (आर) की जगह अब धारा 3 (2)(वाई) लगाई गई है, जिसमें उम्रकैद के साथ जुर्माने का भी प्रावधान है। जबकि, एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (1) (आर) में 5 साल तक सजा के अलावा जुर्माने का प्रावधान है।*

### सुसाइड की फोटो सामने आई

आईपीएस पूरन कुमार के सुसाइड के 5 दिन बाद एक फोटो सामने आई है। पूरन कुमार की डेडबॉडी चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित कोठी नंबर 116 के बेसमेंट में बने साउंड प्रूफ कमरे में सोफे पर पड़ी है। उनके सिर, नाक और मुंह से खून निकल रहा है। टी-शर्ट भी खून से सनी है। पूरन कुमार दाहिने हाथ में पिस्टल पकड़े हुए हैं। उन्होंने कंबल भी ओढ़ा हुआ है।

### सीएम ने सख्त कार्रवाई का दिया आश्वासन



वहीं, इस पूरे मामले में सीएम नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कहा था कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को भी आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ है। इस दौरान उन्होंने इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करने की बात भी कही। पूरे मामले की जांच में एसआईटी गठित की गई है जो मामले की जांच में जुट गई है।

#### महापंचायत में हुआ हंगामा

वाई पूरन कुमार को न्याय दिलाने के लिए चंडीगढ़ में आयोजित हुई महापंचायत में कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद राजकुमार सैनी भी पहुंचे थे। सैनी ने महापंचायत के दौरान कहा कि हम सभी वाल्मीकि की पूजा करते हैं, वह भी ब्रह्मण थे। इस बयान के बाद महापंचायत में हंगामा हो गया।

**वाल्मीकि समाज में आक्रोश**

वाई पूरन कुमार की मौत के बाद पूरे प्रदेश के दलितों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। इस क्रम में महापंचायत का आयोजन किया था। जिसमें इस बात पर सहमति बनी है कि राज्य सरकार डीजीपी के खिलाफ सख्त एक्शन ले और उन्हें पद से हटाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पूरे हरियाणा और चंडीगढ़ में करीब 5 हजार सफाई कर्मचारी काम छोड़ देंगे।

## ट्रंप के 130 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भड़का चीन

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने रविवार को संकेत दिया कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा। उसने अमेरिका से आग्रह किया कि वह धमकियों के बजाय बातचीत के जरिये मतभेदों को सुलझाए। वाणिज्य मंत्रालय ने ऑनलाइन जारी एक बयान में कहा, ''चीन का रुख स्पष्ट है। हम शुल्क युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम इससे डरते भी नहीं हैं।'' यह प्रतिक्रिया ट्रंप द्वारा एक नवंबर तक चीन से आयात पर कर बढ़ाने की धमकी के दो दिन बाद आई है। यह धमकी कई उपभोक्ता और सैन्य



अमेरिका को चेतावनी, कहा- उठाएंगे सख्त कदम

उत्पादों के लिए एक प्रमुख घटक, दुर्लभ मृदा खनिजों के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों के जवाब में दी गई थी। इस घटनाक्रम से ट्रंप और चीन के नेता शी चिनफिंग के बीच संभावित बैठक पटरी से उतरने और शुल्क युद्ध को लेकर बनी सहमति को लेकर संकट पैदा हो गया है।

### बीएसएफ की वायु शाखा को मिली पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की वायु शाखा को अपने 50 साल से अधिक के इतिहास में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर मिली है। बीएसएफ की वायु शाखा में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर की नियुक्ति आंतरिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हुई है। इंस्पेक्टर भावना चौधरी और चार पुरुष अधीनस्थ अधिकारियों को हाल में बीएसएफ महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए। सीमा सुरक्षा बल को 1969 से गृह मंत्रालय (एमएचए) की विमानन इकाई का संचालन करने का दायित्व सौंपा गया है।



### पश्चिम बंगाल के बर्दवान स्टेशन पर मची भगदड़, 7 यात्री घायल

**कोलकाता (एजेंसी)।** बर्दवान रेलवे स्टेशन पर रविवार शाम ट्रेन पकड़ने के दौरान अफरातफरी मच गई। स्टेशन की सीढ़ियों पर यात्रियों की भारी भीड़ के बीच भगदड़ मचने से कम से कम 7 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक ही समय पर बर्दवान स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4, 6 और 7 पर तीन ट्रेनें खड़ी थीं। ट्रेन पकड़ने की जल्दी में यात्री तेजी से सीढ़ियों से नीचे उतरने लगे। सीढ़ियां संकरी होने के कारण अचानक भीड़ बढ़ गई और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान कई यात्री गिर पड़े और भगदड़ मच गई।


**एक ही समय में तीन ट्रेनें पकड़ने के लिए दौड़े यात्री**

**बिहार : एनडीए का सीट शेयरिंग का ऐलान**

## भाजपा और जदयू 101-101 चिराग 29 सीटों पर लड़ेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री एवं बिहार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को घोषणा की कि राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) 101-101 सीट पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (राजविलास) 29 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक शुरू होने के बाद प्रधान ने एक पोस्ट में कहा कि जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) और उपेंद्र कुशवाहा नीत पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह-छह सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।



**माझी की हम को 6 और कुशवाह की आरएलएम को 6 सीटें दी**

**मुख्य विपक्षी दल इंडिया-राजद के बीच मुकाबला**

### दो चरणों में मतदान

बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी। वर्ष 2020 में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली पार्टी जद(यू) ने 115 सीट पर और भाजपा ने 110 सीट पर चुनाव लड़ा था, जबकि पासवान की पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ा था। यह पहली बार है कि जद(यू) किसी विधानसभा चुनाव में भाजपा से अधिक सीट पर चुनाव नहीं लड़ रही है, जो सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर ताकत के नये संतुलन का स्पष्ट संकेत है।





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990: **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

## खबर संक्षेप


हांसी। सड़क किनारे पलटी श्रद्धालुओं की वैन। फोटो : हरिभूमि

### नींद की झपकी आने से पलटी श्रद्धालुओं की वैन

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ढाणा कलां के समीप निर्माणाधीन फ्लाईओवर के नीचे चालक को नींद की झपकी आने से श्रद्धालुओं से भरी वैन सड़क किनारे गड्ढों में पलट गई। गनिमत रही कि वैन में सवार श्रद्धालुओं को ज्यादा चोटें नहीं आई। वैन में चालक समेत पांच व्यक्ति सवार थे। राजमार्ग पर वैन पलटने की सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम, शहर थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी व नेशनल हाईवे की मौके पर पहुंची और वैन में फंसे श्रद्धालुओं को वैन से बाहर निकाल क्रेन की मदद से वैन को गड्ढे से बाहर निकाला।


हांसी। एल्कोमीटर से बाइक चालक की जांच करता पुलिस अधिकारी।

### बाइकर्स का 10 हजार का चालान कर जब्त किया

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस हांसी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान नशे में मोटरसाइकिल चला रहे युवक का ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत 10 हजार रुपये का चालान कर बाइक को इंपाउंड किया गया। एएसआई राजेश ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पोस्ट बस स्टेंड पर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को कागजात जांच के लिए रोका गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई : कई अपराधिक मामले दर्ज, 2 पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस बरामद

# गुरुग्राम में बंबीहा गैंग के 2 शूटरों का एनकाउंटर

**पंजाब से वारदात करने आए थे**

- दोनों बदमाशों के पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती
- एएसआई की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी एक गोली
- दोनों बदमाश अमृतसर के गांवों के रहने वाले

*पुलिस ने बंबीहा गैंग के 2 शॉर्प शूटरों को एनकाउंटर के बाद पकड़ लिया। दोनों शूटर बाइक पर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

पुलिस ने बंबीहा गैंग के दो शॉर्प शूटरों को एनकाउंटर के बाद काबू कर लिया। दोनों शूटर बाइक पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। बाइक पर भागने के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की। तभी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों आरोपी अलग-अलग दिशा में भागने लगे। वहीं टीम पर फायरिंग करते रहे। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों पर गोली चलाई तो दोनों के एक-एक पैर में गोली लग गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को काबू कर नागरिक अस्पताल गुरुग्राम में एडमिट कराया गया, जहां दोनों का ईलाज किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में सेक्टर-65 थाना में केस दर्ज किया गया। इस मुठभेड़ के दौरान एक गोली एएसआई की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल, दो कारतूस व एक बाइक बरामद की है। इसके अलावा 11 चले हुए कारतूस बरामद किए हैं।



गुरुग्राम। गोली लगने के बाद सिविल अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती दोनों शूटर। फोटो : हरिभूमि

### दोनों बदमाशों पर सात केस पंजाब में दर्ज

आरोपी सुमित पर हत्या, हत्या का प्रयास, जान से मारने की धमकी देने और शस्त्र अधिनियम के तहत 6 मामले पहले से ही पंजाब में दर्ज हैं। वहीं, आरोपी सुखमनजीत पर हत्या का एक केस दर्ज है। सुमित अगस्त 2025 में अमृतसर में हत्या के एक मामले में वांछित है और सुखमनजीत 2022 में अमृतसर के महतो गांव में हत्या के मामले में भगोड़ा घोषित है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी गुरुग्राम में किसी वारदात को अंजाम देने आए थे। सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच टीम के इंचार्ज मोहित ने बताया कि दोनों बदमाश बंबीहा गैंग से जुड़े हुए हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि वे किस वारदात को अंजाम देने के लिए आए थे।

### मैदावास के नजदीक बदमाशों से मुठभेड़

रविवार अलसुबह करीब 2.30 बजे सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच व सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की टीमों ने सूचना के बाद मैदावास के नजदीक बदमाशों की तलाश शुरू की थी। जहां दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया। लेकिन बाइक पर पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया और बाइक से ही भागने लगे। पुलिस टीम पर आरोपी ने कई फायर किए लेकिन तभी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों गिर गए। इस पर दोनों आरोपी अलग-अलग दिशा में भागने लगे और टीम पर फायरिंग करने लगे।

### चेतावनी के बाद आरोपियों ने सरेंडर नहीं किया

पुलिस की चेतावनी के बाद भी आरोपियों ने सरेंडर नहीं किया तो पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चला दी, जिससे दोनों के पैरों में एक-एक गोली लग गई और दोनों का काबू कर लिया। इस दौरान बदमाशों की एक गोली एएसआई की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लग गई। इसके बाद सेक्टर-65 थाना पुलिस भी सूचना के बाद मौके पर पहुंची और इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सुमित शर्मा (21 वर्ष) निवासी अमृतसर व सुखमनजीत (19 वर्ष) निवासी साहदोवाल, अमृतसर (पंजाब) बताया।

### बदमाशों ने पुलिस पर किए सात राउंड फायर

पुलिस ने सरेंडर करने को कहा पुलिस को दोनों शूटरों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच टीम के इंचार्ज मोहित और सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच टीम के इंचार्ज ललित की संयुक्त टीम ने शनिवार-रविवार की देर रात 2 बजे बाइक सवार दोनों बदमाशों को मैदावास गांव के पास घेर लिया। टीम ने दोनों को सरेंडर करने के लिए कहा। पुलिस पर आरोपियों ने 7 राउंड फायरिंग की। पुलिस के अनुसार सरेंडर करने के बजाय, टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।


फतेहाबाद। आपस में बहस करते फ्लाइंग टीम सदस्य व कंडक्टर।

# कुत्ते के टिकट को लेकर फ्लाइंग टीम व कंडक्टर भिड़े

### कंडक्टर बोला-कागज फाड़े, झूठी रिपोर्ट बनाई

**कंडक्टर 22 दिन पहले सवारी को टिकट न देने का वीडियो वायरल होने पर सस्पेंड हो चुका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भट्टू से फतेहाबाद आ रही रोडवेज बस में चैकिंग के लिए पहुंची रोडवेज विभाग की फ्लाइंग टीम और कंडक्टर के बीच कुत्ते की टिकट काटने को लेकर विवाद हो गया। फ्लाइंग टीम के एसआई का कहना है कि कंडक्टर ने कुत्ते का टिकट नहीं बनाया था और सवारियों को भी भडक़ाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लिखित शिकायत दर्ज करवाने की बात कही। उधर, फ्लाइंग टीम का जिस कंडक्टर के साथ विवाद हुआ है, उसका 22 दिन पहले सवारी को टिकट न देने का वीडियो वायरल होने पर सस्पेंड हो चुका है। कंडक्टर 10 दिन पहले ही बहाल होने के बाद ड्यूटी पर आया है। फ्लाइंग टीम में इंस्पेक्टर अशोक कुमार व कृष्ण कुमार, एसआई धर्मपाल व जसबीर सिंह और सीनियर कंडक्टर नानकचंद शामिल थे। सूचना पाकर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी ने कंडक्टर से कहा कि सवारियों के साथ कोई झगड़ा नहीं है। अगर कंडक्टर के साथ हुआ है, तो वह शिकायत अपने विभाग में दे। पुलिस कार्रवाई करवानी है, तो थाने में जाकर शिकायत दे। इसके बाद कंडक्टर ने थाने में जाकर शिकायत देने की बात कही। मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद डिपो की रोडवेज बस रविवार को भट्टू से फतेहाबाद आ रही थी। बस में कमलदीप कंडक्टर था। मिनी बाईपास पर रोडवेज फ्लाइंग टीम चेकिंग कर रही थी। बस के वहां पहुंचते ही टीम ने बस को रुकवा लिया। इसके बाद चेकिंग टीम बस में चढक़र सवारी गिनने लगी। बस कंडक्टर कमलदीप का कहना है कि टीम ने बस रुकवा कर चेकिंग की गई।

# दिल्ली मेट्रो का हरित कदमः 500 मिलियन यूनिट सौर उर्जा के लिए टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अपने परिचालन में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के हरित कदम उठाया है। डीएमआरसी ने 500 मिलियन यूनिट नवीकरणीय ऊर्जा की वार्षिक आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। वर्तमान में डीएमआरसी अपनी कुल बिजली जरूरत का लगभग 33 प्रतिशत नवीकरणीय स्रोतों से पूरा कर रहा है। इसमें मध्य प्रदेश के रीवा सोलर पार्क से लगभग 350 एमयू प्रतिवर्ष और स्टेशनों, डिपो व कॉलोनियों की छतों पर लगे रूफटॉप सोलर प्लांट्स से करीब 40 एमयू बिजली शामिल है। डीएमआरसी अब सोलर पावर डेवलपर का चयन कर भारत में कहीं भी ग्रिड-कनेक्टेड कैप्टिव जेनरेटिंग प्लांट और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापित करवाएगा। ताकि दिल्ली-एनसीआर स्थित मेट्रो नेटवर्क को 500 एमयू नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।


बहादुरगढ़। एक मेट्रो स्टेशन पर लगा रूफटॉप सोलर। फोटो : हरिभूमि

### ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाकर 60% से अधिक करना

इस परियोजना का उद्देश्य मेट्रो की कुल ऊर्जा जरूरत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत से अधिक करना है। परियोजना को अनुबंध मिलने के 15 माह के भीतर पूरा करना है, जबकि बिजली खरीद समझौता 25 वर्षों के लिए होगा। निविदा प्रक्रिया सरकार द्वारा अनुमोदित मानकों के अनुरूप होगी। डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि यह पहल भारत की स्वच्छ और सुदृढ़ ऊर्जा प्रणाली की दिशा में डीएमआरसी का एक ठोस कदम है। इस परियोजना के पूरा होने पर दिल्ली मेट्रो देश की पहली मेट्रो बनेगी जो अपनी 60 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करेगी।

## हादसाः शनिवार को सोनीपत जम्मू-कटरा एक्सप्रेस वे पर टकराई थी कार

# घिलौड़ कलां में एक साथ जलीं 4 युवकों की चिताएं

*मृतकों में रोहतक ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बलवान रंगा का बेटा, घिलौड़ के अंकित, लोकेश, दीपांकर और सोमबीर शामिल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गोहाना रोड स्थित गांव घिलौड़ में रविवार को एक साथ परिवार के 4 युवकों की चिताएं जलीं। जिससे पूरा गांव गमगीन हो गया। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे। चारों युवक अपने परिवारों के इकलौते सहारे थे। उनकी मौत शनिवार शाम को सोनीपत में जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में हुई थी। जहां तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर रोड रोलर से टकरा गई थी। घटना के बाद से ही गांव में मातम पसरा हुआ है। मरने वालों में एक युवक कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा का बेटा सोमबीर भी है। जानकारी के मुताबिक, सोमवीर शादीशुदा था और युवक अंकित, लोकेश और दीपांकर अविवाहित थे। सोमवीर के 2 बच्चे हैं। ये चारों युवक एक ही परिवार के हैं। घटना के समय सोमवीर के साथ उसके 3 और दोस्त गाड़ी में थे। उनका इंटरलॉक टाइलों का बिजनेस है और इसी सिलसिले में मीटिंग के लिए गए थे।


रोहतक। अंतिम संस्कार में जुटे लोग। फोटो : हरिभूमि

### एनएच की लापरवाही से हादसा हुआः सरपंच

गांव घिलोड कलां के सरपंच अनिल ने बताया कि करीबन 6 बजे के आसपास उनके गांव के 4 युवक जम्मू-कटरा की तरफ से अपने गांव में आ रहे थे। गोहाना के गांव रूखी के पास रोड रोलर खड़ा हुआ था। वहां सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। इनकी गाड़ी उसी से टकरा गई। सरपंच ने आरोप लगाते हुए कहा कि नेशनल हाईवे पर अथॉरिटी ने किसी भी प्रकार का कोई कंस्ट्रक्शन वर्क को लेकर अलर्ट साइन नहीं लगाया गया था।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## जींदः टोल प्लाजा फ्री करवाने पर किसान नेता समेत पौने दो सौ पर मामला दर्ज



**जींद।** गांव भिड़ताना के निकट जींद-सोनीपत ग्रीन फिल्ड नेशनल को जबरन टोल फ्री करवाने तथा धरना देने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने किसान नेता समेत पौने दो सौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं मृतक टोल प्लाजा कर्मी के परिजनों का आर्थिक सहायता की मांग को लेकर धरना जारी रहा और टोल को भी फ्री रखा गया। पुलिसबल भी मौके पर बना रहा। गांव भिड़ताना जींद-सोनीपत ग्रीन फिल्ड नेशनल हाइवे टोल कंपनी के मैनेजर आगरा निवासी सुमित जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गत दिवस किसान नेता रवि आजाद तथा काफी संख्या में लोग टोल प्लाजा पर आए। जिन्होंने टोल को फ्री करवा दिया और वहां पर धरना शुरू कर दिया। धरना दे रहे लोगों ने सार्वजनिक सेवा को बाधित किया हुआ है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मैनेजर की शिकायत पर किसान नेता रवि आजाद, कमेटी प्रधान अंकुश सिवाच, अमित सरपंच, रघुबीर, कृष्ण, जगबीर फौजी, धर्मबीर, रामवीर, महाबीर, अशोक, कुलदीप को नामजद कर डेढ़ सौ खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## कैथल में चोटें मारकर हत्या करने के मामले में पत्नी और उसका प्रेमी गिरफ्तार



**कैथल।** थाना शहर क्षेत्र में एक युवक को चोटे मारकर हत्या करने के के मामले में थाना शहर तथा सीआईए-1 की संयुक्त टीम द्वारा मृतक की पत्नी तथा उसके प्रेमी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव डेरा गदला पट्टी अफगान कैथल निवासी गुरनाम सिंह की शिकायत अनुसार उसके पास रजवैली हगरुआ, पूर्णियाँ डगरूआ हाट बिहार निवासी दीपक, उसकी पत्नी अंजली व दीपक का 5-6 वर्षीय लड़का तथा कवैया जिला पूर्णिया बिहार निवासी कृष्ण कुमार 2 महीने पहले रहने के लिए आए थे। जो मेरे पशुबाडा में बने कमरे में एक साथ रहते थे। 6 अक्तुबर को करीब 8 बजे अंजली, दीपक व कृष्ण आपस में लड़ाई झगड़ा करे हुए थे, जिसमें अंजली व कृष्ण ने दीपक को काफी चोटे मारी हुई थी। अंजली व कृष्ण ने दीपक को चोटे मारकर कमरे में बंद करके मौके से भाग गए थे। जिसके बाद में दीपक का सरकारी अस्पताल कैथल में इलाज करवा दवाई दिलाकर घर ले आया था। उसके बाद 8 अक्तुबर की सुबह मैंने देखा की दीपक कमरे के बहार कुर्सी पर बैठा हुआ था मैंने दीपक को आवाज लगाई तो दीपक कुछ नहीं बोला।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली**

क्र. /भ.अ.वि./2025/153 रिसाली, दिनांक 08.10.2025


**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध कॉलोनियों का नगर पालिक निगम (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्त) नियम 2013 के नियम 15 (क) अतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी / निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति / सुझाव दिनाक 28/10/2025 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कोलोनियों का विवरण निम्नानुसार है:-


| क्र. | स्थल/कॉलोनी का नाम | खसरा क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | सरस्वती कुंज पूर्व रिसाली | 652/1249, 654, 655, 658, 659, 660, (P)665 | 2.00 हेक्टेयर |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति / सुझाव लिखित रूप से कार्यालय, नगर पालिक निगम रिसाली के भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रिसाली




## शब्द पहेली - 6017



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 6016 का हल**








**पीएम भाजपा कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र**

# 15 से मोदी बिहार में प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे

*बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी बिहार के युवाओं के साथ वर्चुअल संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी और राजग नेताओं ने बड़ी तैयारी में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सुझाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया है।*

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एनडीए में रविवार को सीटों का बंटवारा फाइनल होने के बाद सियासी पारा गरम हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ एक संवाद सत्र के साथ बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह 15 अक्टूबर को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे। मोदी ने कहा, ''बिहार में भाजपा-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत सुनिश्चित करने के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ काम कर रहे हैं। मुझे 15 अक्टूबर को ऐसे ही कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा आग्रह है आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ें और अपने सुझाव आज ही साझा करें।'' बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में छह नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

**'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे**

**राजग की जीत सुनिश्चित करने को कार्यकर्ता ऊर्जा के साथ काम जुटे**



### प्रधानमंत्री मोदी ले सकते हैं बड़ा फैसला

सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी कड़े फैसले ले सकते हैं। भाजपा नेतृत्व अपने कई मौजूदा विधायकों या ऐसे नेताओं का टिकट काट सकता है जो या तो 75 साल की उम्र पार कर चुके हैं या फिर कई बार मौका देने के बावजूद चुनाव नहीं जीत सके हैं।

### भाजपा पहले ही उम्मीदवारों की सूची तैयार हो चुकी

बता दें कि पिछले दिनों बिहार बीजेपी के चीफ दिलीप जायसवाल ने बताया था कि उम्मीदवारों के नामों की पूरी सूची तैयार कर ली गई है। आज की बैठक और प्रधानमंत्री की मुहर लगने के बाद प्रत्याशियों के नाम का एलान होगा। हालांकि बिहार की राजनीति को प्रत्याशियों के नाम की घोषणा का इंतजार है। ऐसे में उम्मीद लगाया जा रहा है कि कल शाम तक उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी हो जाएगी।

## सीटों के बंटवारे के बाद भाजपा में उम्मीदवारों के नाम पर मंथन शुरू

**बैठक में मोदी समेत शीर्ष नेता हुए शामिल**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रीक गठबंधन) ने सीटों का ऐलान कर दिया है। एनडीए में सीटों के बंटवारे के बाद अब भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक पार्टी मुख्यालय में अहम बैठक हुई। भाजपा के हिस्से में आई सीटों पर उम्मीदवारों के चयन के लिए केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंथन हुआ। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, बिहार भाजपा के प्रमुख दिलीप जायसवाल समेत कई और बड़े नेता मौजूद रहे।

**जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की घोषणा संभव**



**लालू-राबड़ी के साथ दिल्ली पहुंचे तेजस्वी**

## 'इंडिया' गठबंधन में आज सीट बंटवारे पर ऐलान की संभावना



**नई दिल्ली।** महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर मंथन जारी है। सूत्रों के मुताबिक आज शाम तक महागठबंधन की ओर से सीट शेयरिंग का ऐलान हो जाएगा। बिहार में इंडिया गठबंधन की सीट शेयरिंग फंसे पेंच को सुलझाने के राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके पुत्र तथा उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव रविवार को दिल्ली पहुंच गए। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी दिल्ली पहुंचे हैं। चर्च है कि तेजस्वी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। इधर, पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों के सवाल पर लालू ने कोई भी जवाब नहीं दिया। दिल्ली में जब पत्रकारों ने उनसे सीट बंटवारे को लेकर सवाल पूछा तो कहा कि बातचीत चल रही है। सीट बंटवारे पर तेजेस्वी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक है।

### विपक्षी महागठबंधन सीट बंटवारे को लेकर जल्द अंतिम रूप देगा: कांग्रेस

*नई दिल्ली (भाषा)। बिहार में विपक्षी महागठबंधन अगले कुछ दिनों में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे सकता है और संयुक्त घोषणापत्र के साथ अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकता है। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के बीच बातचीत जारी है और सोमवार को उनके शीर्ष नेताओं की बैठक हो सकती है, क्योंकि राजद प्रमुख लालू प्रसाद और पार्टी नेता तेजस्वी यादव राष्ट्रीय राजधानी में हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''कांग्रेस अध्यक्ष बिहार में सभी गठबंधन सहयोगियों से बात कर रहे हैं और उन कुछ सीट पर उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम चर्चा जारी है, जहां कांग्रेस और कुछ अन्य दल अपनी स्थिति मजबूत मानते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पिछले दो दिन से बिहार में सभी नेताओं से बात कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के नेतृत्व के बीच भी बातचीत जारी है और दोनों मुख्य दलों के नेता सोमवार तक मुलाकात भी कर सकते हैं। सीट बंटवारे की घोषणा में देरी पर हमें 'महागठबंधन' में कुछ नए सहयोगियों को शामिल करना होगा और सीट बंटवारे में उन्हें समायोजित करना होगा।' अगले दो-तीन दिन में सभी सीट पर अंतिम फैसला हो जाएगा।*

### प्रशांत किशोर के कार्यक्रम आचार संहिता उल्लंघन को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**हाजीपुर/पटना (भाषा)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र राघोपुर में जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के कार्यक्रम के दौरान चुनाव आदर्श आचार सहिंता (एमसीसी) के उल्लंघन के आरोप में रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। हाजीपुर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सुभाष कुमार ने बताया कि प्राथमिकी वैशाली जिले के राघोपुर थाने में दर्ज की गई है, हालांकि इसमें प्रशांत किशोर को नामजद नहीं किया गया है।

### भाजपा से सीटें नहीं मिलीं तो अकेले लड़ेंगे बिहार विस चुनाव : सुभासपा

**बलिया (उप्र) (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने रविवार को कहा कि यदि भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट नहीं दीं तो वह अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से सुभासपा को पांच सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की गई है। राजभर ने रविवार को 'बताया, ''सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी बिहार में विधानसभा चुनाव निश्चित रूप से लड़ेगी। भाजपा से बात नहीं बनी तो अकेले ही चुनाव मैदान में उतरेंगे।

### बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगी भोजपुरी कलाकार पवन सिंह की पत्नी

**बलिया (उप्र) (भाषा)।** भोजपुरी कलाकार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है लेकिन अभी यह तय नहीं है कि वह किसी राजनीतिक दल से चुनावी मैदान में उतरेंगी या निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगी। ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने रविवार को यह घोषणा की। पवन सिंह के ससुर रामबाबू सिंह ने यहां अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में घोषणा की कि ज्योति सिंह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी। सिंह ने कहा कि ज्योति सिंह का बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ना तय है।

### मरते दम तक एनडीए का साथ नहीं छोड़ेंगे: मांझी



हम के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह पूरी तरह से एनडीए के साथ हैं और अंतिम समय तक प्रधानमंत्री मोदी का साथ नहीं छोड़ेंगे। मांझी ने कहा कि मैं अपने अंतिम सांस तक प्रधानमंत्री के साथ रहूंगा। मांझी यहीं नहीं रुके, उन्होंने बिहार के भविष्य की तस्वीर साफ करते हुए एक नारा भी दिया। उन्होंने लिखा, बिहार में बहार होगी, नीतीश संग मोदी जी की सरकार होगी।

### सीट बंटवारे का ऐलान आज, आल इज वेल: वीरेंद्र



महागठबंधन में सीट शेयरिंग फॉर्मूला का ऐलान सोमवार को होगा। आरजेडी के वरीय नेता एवं विधायक भाई वीरेंद्र ने दावा किया कि महागठबंधन में सब ठीक है और सब हो गया है। सोमवार प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और सब कुछ साफ हो जाएगा। राजद, कांग्रेस, लेफ्ट समेत सभी घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने महागठबंधन में सीटों को लेकर घटक दलों के बीच मतभेद की अटकलों से इनकार कर दिया।

**लालू-तेजस्वी को बड़ा झटका**

### नवादा और रजौली के विधायकों ने दिया इस्तीफा

बिहार चुनाव से पहले लालू को बड़ा झटका दिया है। राजद विधायक संगीता कुमारी, भरत बिंद, चेतन आनंद के बाद अब दो और विधायकों ने भी अपना इस्तीफा विस अध्यक्ष नंद किशोर यादव को सौंप दिया है। नवादा से विधायक विभा देवी और रजौली (सुरक्षित) से विधायक प्रकाश वीर ने इस्तीफा दिया है। लोस चुनाव के बाद से यह लोग राजद के शीर्ष नेतृत्व से नाराज चल रहे थे। इन दोनों ने तब और भी ज्यादा सियासी सरगर्मी बढ़ा दी, जब वह गया में मोदी के कार्यक्रम के मंच पर दिखाई दिए थे।

**तेज प्रताप ने तेजस्वी को किया अनफॉलो**

### आज उतारेंगे अपने प्रत्याशी



बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव चर्चा में हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हेंडल एक्स से अनफॉलो कर दिया है। तेज जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) सोमवार को उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

**खबर संक्षेप**

### संघ को स्कूल-कॉलेज पार्क में न दें अनुमति



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को एक पत्र लिखा है पत्र में उन्होंने आग्रह किया है कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के मैदानों में आरएसएस के कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति न दी जाए। उन्होंनेअपील की है कि सार्वजनिक पार्कों और मंदिरों में भी कार्यक्रमों को अनुमति न दें।

### ड्राइवर को पड़ा दिल का दौरा, 9 वाहनों को रौंदा

**बेंगलुरु।** यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की एक बस अनियंत्रित होकर 9 वाहनों से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब बस चालक को अचानक दौरा पड़ा और एक्सीलेरेटर दबा दिया। बस बेकाबू होकर एक के बाद एक वाहन को टक्कर मार दी।

**एमएनएस ने फिर की गुंडागर्दी**

## हिंदी बोलने वाली महिला को ऑफिस में बुला मारा थप्पड़

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी फिर से सामने सामने आई है। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। लोकल ट्रेन में धक्का लगने की मामूली बात से शुरू हुआ विवाद बड़ा हो गया। यह घटना ठाणे के कलवा इलाके की है। एमएनएस की पदाधिकारी स्वरा काटे के पति अर्जुन काटे लोकल ट्रेन से उतर रहे थे और वह महिला से टकरा जाते हैं। काटे ने तुरंत माफी भी मांगी, लेकिन



महिला ने उन्हें गालियां दे दीं। अर्जुन की पत्नी स्वरा भी वहां पहुंच जाती हैं और पति पर हुए हमले का विरोध करती है। स्वरा ने महिला को थप्पड़ जड़ दिया। घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर मनसे को हुई और उन्होंने महिला को खोजा, पार्टी कार्यालय बुलाया।

### भाजपा ने जम्मू कश्मीर में रास की चार सीट के लिए तीन प्रत्याशियों की घोषणा की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में राज्यसभा की चार सीट के लिए 24 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के वास्ते तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा रविवार को की। इनमें पार्टी की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष सतपाल शर्मा तथा दो अन्य उम्मीदवार गुलाम मोहम्मद मीर और राकेश महाजन शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने चार सीट पर चुनाव के लिए तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विधानसभा में अपनी संख्या के आधार पर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को तीन सीट पर बढ़त हासिल है, जबकि भाजपा को एक सीट पर बढ़त हासिल है। भाजपा का चुनाव लड़ने का यह फैसला चुनाव को और रोमांचक बनाएगा।

**दुर्गापुर मामले पर मुख्यमंत्री ममता का अजीबोगरीब बयान**

## लड़की आधी रात में कॉलेज से बाहर कैसे आई? किसी को भी नहीं 'बख्शा' जाएगा

एजेंसी ▶▶ दुर्गापुर

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात पर सीएम ममता बेनर्जी ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा ये वारदात चौंकाने वाला है। हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती।

सीएम ममता ने आगे कहा कि वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस अन्य की तलाश कर रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। इस



दौरान सीएम ममता ने ये भी कहा कि निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। ममता ने कहा कि वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी है कि वे रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गईं।

### तीनों आरोपी 10 दिन की पुलिस रिमांड पर

सामूहिक दुराचार के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को एक अदालत ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। आरोपियों पर सामूहिक बलात्कार और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। दुर्गापुर के एसडीजेएम ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### सुरेश की मंत्रिमंडल से इस्तीफे की पेशकश सदानंदन को मंत्री बनाने की सिफारिश की

**कन्नूर (केरल) (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा देने की इच्छा जताई और भाजपा के नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य सी सदानंदन मास्टर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनकी जगह दिए जाने की सिफारिश की। यहां सदानंद की मौजूदगी में एक समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गोपी ने कहा कि सदानंद का राज्यसभा सदस्य बनना उत्तरी कन्नूर जिले की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। उन्होंने कहा, ''मैं यहां पूरी ईमानदारी से कह रहा हूं कि मुझे हटाकर सदानंदन मास्टर को (केंद्रीय) मंत्री बनाया जाना चाहिए। मेरा मानना है कि यह केरल के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय बनेगा।

### शिक्षा कुछ का विशेषाधिकार नहीं बननी चाहिए

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारत को ऐसी शिक्षा प्रणाली की जरूरत है जो देश की समृद्ध विविधता को प्रतिबिंबित करे और यह ''कुछ लोगों का विशेषाधिकार'' न बने। यह स्वतंत्रता का आधार है। गांधी ने यह भी कहा कि भारत को वैकल्पिक विनिर्माण प्रणाली बनाने की आवश्यकता है और इसके लिए अमेरिका या पेरू के साथ साझेदारी एक संभावित रास्ता हो सकता है। गांधी ने पेरू की पोंटिफिकल कैथोलिक यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ चिली के छात्रों के साथ बातचीत में शिक्षा, लोकतंत्र और भू-राजनीति पर केंद्रित एक ''गहन संवाद'' किया। कांग्रेस ने 'एक्स' हैंडल पर गांधी के हवाले से कहा, ''भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण प्रणाली बनाने की जरूरत है।



**पीएम ने प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी**

## पीएम मोदी ने सेशेल्स के नए राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को जीत की दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की जीत पर हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि डॉ. हर्मिनी को राष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत पर वे उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हैं और उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हैं। मोदी ने संदेश में लिखा, सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को उनकी जीत पर हार्दिक बधाई। हिंद महासागर का जल हमारा साझा धरोहर है, जो हमारे दोनों देशों की जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों को पोषित करता है। मुझे विश्वास है कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में भारत और सेशेल्स के बीच लंबे समय से चले आ रहे बहुआयामी और परखे हुए संबंध और अधिक गहराई और गति प्राप्त करेंगे। मोदी ने उम्मीद जताई कि डॉ. हर्मिनी के नेतृत्व में सेशेल्स भारत के साथ अपने रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करेगा।



### राजमाता सिंधिया के समाज सेवा के प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''समाज सेवा के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने जनसंघ और भाजपा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''विजयाराजे सिंधिया जी हमारी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गहरी आस्था रखती थीं और उनकी रक्षा करने के साथ-साथ उन्हें लोकप्रिय बनाने के लिए हमेशा काम करती थीं।'

**ताकत वतन की हमसे है**

## बीएसएफ को मिले 167 नए जांबाज श्रीनगर में पासिंग आउट परेड संपन्न

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

श्रीनगर स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर हुमहामा में आयोजित पासिंग आउट परेड में 167 रंगरूटों ने सफल प्रशिक्षण के बाद बल में शामिल होकर राष्ट्र सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि आईजी सोलोमन यश कुमार मिंज ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों के आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रशिक्षण की सराहना की। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को रंगरूटों की पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें 167 रंगरूट बीएसएफ में शामिल होने के लिए पास आउट हुए।



### आईजी ने परेड का निरीक्षण किया

आईजी एसटीसी कश्मीर (बीएसएफ) सोलोमन यश कुमार मिंज मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि का स्वागत एसटीसी बीएसएफ कश्मीर के कमांडेंट योगिंदर अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि ने बीएसएफ रिक्रूट कांस्टेबलों की भव्य सत्यापन परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रक्षा की पहली पंक्ति होने के नाते बीएसएफ अपनी स्थापना के बाद से न केवल हमारी सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रही है इसने अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ विदेशी प्रायोजित आतंकवाद और आंतरिक उग्रवाद से लड़ने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सीमाओं पर उत्पन्न होने वाले आतंकवाद और नार्को टेरर के खतरों को खत्म करने के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच घनिष्ठ सहयोग और समन्वय आवश्यक है।

**मुंबई आतंकी हमले के बाद अब पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम का बड़ा बयान**

**एक पुस्तक पर बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता ने की टिप्पणी**

## स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकियों के लिए चला 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत तरीका था, इसकी कीमत इंदिरा गांधी ने जान देकर चुकाई

एजेंसी ▶▶ शिमला

कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने 1984 में स्वर्ण मंदिर में हुए 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' को गलत तरीका बताया है। कांग्रेस नेता ने कहा है कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए चलाया गया 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान यह बात कही। इस बयान से कांग्रेस नेतृत्व बेहद नाराज है और नेताओं को सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**कांग्रेस आलाकमान नाराज**
कहा- फजीहत कराने जैसा

*चिदंबरम के बयान पर पार्टी के अंदर सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस के कई नेताओं ने उनके बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की है।*

### 'स्वर्ण मंदिर को खाली कराने का सही तरीका नहीं था'



चिदंबरम ने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार स्वर्ण मंदिर को खाली कराने का सही तरीका नहीं था और लगभग 3 से 4 साल बाद हमने 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर' से सेना को बाहर रखकर सही निर्णय लिया। स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए 1986 और 1988 में 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर' चलाया गया था। बावेजा ने कहा कि 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के कारण पंजाब में हिंसा के अगले दौर की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने 'धर्म को राजनीति के साथ जोड़ दिया'' और अकालियों को नियंत्रित करने में भिंडरावाले की सहायता ली।

**गलत तरीका था :** पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत तरीका था और मैं इस बात से सहमत हूं कि श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, खुफिया विभाग, पुलिस और नागरिक सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त निर्णय था तथा आप पूरी तरह से श्रीमती गांधी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। चिदंबरम ने खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ उनकी पुस्तक 'दे विल शूट यू मैडम: माई लाइफ थ्रू कॉनफ्लिक्ट' पर बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।

### भाजपा और पीएम की भाषा बोल रहे चिदंबरम: कांग्रेस

इस बीच, सूत्रों ने नई दिल्ली में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व चिदंबरम की ओर से दिए गए बयान से बेहद नाराज' है और उसका मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि वो भाजपा और प्रधानमंत्री की भाषा बोल रहे हैं। अल्वी ने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत था या सही, ये अलग बात है, मगर 50 साल बाद इंदिरा गांधी पर हमला करने और यह दावा करने की क्या जरूरत है? इससे पहले चिदंबरम ने 30 सितंबर, 2025 को एक न्यूज चैनल संग इंटरव्यू में 2008 के मुंबई आतंकी हमलों को लेकर कहा था कि पूरी दुनिया का दबाव था, हमें पाकिस्तान से युद्ध नहीं करने को लेकर समझाया जा रहा था।

## चिंतन

# चीन-अमेरिका में फिर शुरू होगी आर्थिक जंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर 'आर्थिक जंग' को भड़काते हुए चीन पर 100% अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। इससे दोनों देशों के बीच 'ट्रेड वार' और तेज होगी। दोनों देशों के बीच अधिकांश व्यापार ठप होने की आशंका है। दूसरी तरफ, ट्रंप का कहना है कि यह कदम चीन द्वारा दुर्लभ धातुओं के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में उठाया है। वहीं, चीन ने भी इसका कड़ा विरोध किया और कहा कि वह टकराव नहीं चाहता, लेकिन उकसाए जाने पर जवाबी कार्रवाई करेगा। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वे टैरिफ युद्ध से डरते नहीं हैं और अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे। बता दें कि रेयर अर्थ मिनरल्स का सबसे ज्यादा इस्तेमाल स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कार, सेमीकंडक्टर या चिप से जुड़े उद्योगों, पानी से चलने वाले टरबाइन और जेट इंजन जैसे उत्पादों में किया जाता है। इस टकराव का असर पूरी दुनिया की सप्लाई चेन पर पड़ेगा। चीन का दुनिया की 70% रेयर अर्थ सप्लाई और 90% प्रोसेसिंग पर नियंत्रण है। ऐसे में अमेरिका या यूरोप के किसी देश के लिए इन खनिजों के बिना तकनीकी उत्पादन जारी रखना असंभव है। इस कदम से टेक कंपनियों, ऑटोमेकर्स और डिफेंस सेक्टर की लागत कई गुना बढ़ेगी। शुक्रवार को ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की। नया टैरिफ 1 नवंबर से प्रभावी होगा। चीन से अमेरिका में आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। इससे पहले ट्रंप ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया था, तब चीन ने यूएस पर 125% टैक्स लगाया था। बातचीत के बाद अमेरिका ने टैरिफ 30% और चीन ने 10% किया था। कुछ समय की शांति के बाद अब दोनों देश फिर ट्रेड वॉर की कगार पर खड़े हैं। इस फैसले से इसी माह होने वाली अमेरिका और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात भी अधर में लटक सकती है। भारत के संदर्भ में इसे देखें तो अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल खरीद पर नाराजगी के चलते भारत पर 50% टैरिफ लगाया है, जिसका भारत ने कड़ा विरोध करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है। हालांकि चीन-अमेरिका के बीच ट्रेड वार में भारतीय निर्यातकों को फायदा हो सकता है। चीन से जाने वाला सामान अमेरिका में महंगा होगा। इससे अब अमेरिकी बाजार में चीन की जगह भारत ले सकता है। इससे कपड़ा, खिलौना और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे सेक्टरों में निर्यात बढ़ेगा। इससे पहले चीन ने रेयर-अर्थ एलिमेंट्स और संबंधित वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण उपाय जारी किए थे। चीन के पास दुनिया के 17 प्रमुख रेयर अर्थ खनिज हैं। पहले वह इनमें से 7 पर नियंत्रण रखता था, उसने 5 और पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिए। अब चीन का नियंत्रण 12 पर हो गया। अब कोई विदेशी कंपनी अगर इन खनिजों का इस्तेमाल करेगी, तो उसे चीनी सरकार से लाइसेंस लेना होगा। तकनीक के रथ पर सवार 21वीं शताब्दी का उभार बहुत हद तक रेयर अर्थ मिनरल्स पर टिका है। लेकिन इसमें महारत रखने वाले चीन ने जैसे ही निर्यात नियमों पर सख्ती लागू की तो अमेरिका ने भी ड्रैगन के सभी उत्पादों पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इससे दुनिया के दो बड़े देशों के बीच 'आर्थिक जंग' गहराने का खतरा बढ़ गया है। यदि यह जंग और बढ़ती है तो सभी देशों को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



संदेश
राजीव खंडेलवाल

# नोबेल पुरस्कार ने बचाई अपनी इज्जत

**वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना विश्व के सभी लोकतांत्रिक (तथाकथित) तानाशाहों के लिए स्पष्ट संदेश है। जो भी व्यक्ति लोकतंत्र को बचाने और उसे सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगा, विश्व उसके शांतिपूर्ण प्रयासों को नमन करेगा, चाहे वह सत्ता के विरुद्ध ही क्यों न खड़ा हो। वास्तव में नोबेल शांति पुरस्कार का उद्देश्य भी यही है-शांति को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और संघर्षों के समाधान में योगदान देना। इस बार नोबेल समिति ने न केवल एक सच्चे लोकतंत्र सेवी को सम्मानित किया, बल्कि स्वयं "नोबेल" की गरिमा और प्रतिष्ठा भी अक्षत रखी।**

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने 10 अक्टूबर को ओस्लो में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है। यह सम्मान उन्हें वेनेजुएला के नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण संक्रमण के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के कारण दिया गया। वस्तुतः मारिया को यह पुरस्कार दिया जाना विश्व के सभी लोकतांत्रिक (तथाकथित) तानाशाहों के लिए स्पष्ट संदेश है। जो भी व्यक्ति लोकतंत्र को बचाने और उसे सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगा, विश्व उसके शांतिपूर्ण प्रयासों को नमन करेगा, चाहे वह सत्ता के विरुद्ध ही क्यों न खड़ा हो। वास्तव में नोबेल शांति पुरस्कार का उद्देश्य भी यही है-शांति को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और संघर्षों के समाधान में योगदान देना। नोबेल पुरस्कार में एक मिलियन अमेरिकन डॉलर अर्थात 8.30 करोड़ रुपये की राशि भी मिलेगी। अंततः नोबेल पुरस्कार की जीत हुई।

जब से डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार पाने की "हुंकार" लगाते हुए स्वयंभू दावेदारी भरी थी, तभी से ट्रम्प की दादागिरी, सनक व ''टैरिफ वार'' के ''हथियार'' का उपयोग कर विश्व में ट्रम्प के बढ़ते दबाव के कारण "नोबेल पुरस्कार" बहुत डरा हुआ ''असहज'' हो गया था। एक वजह यह भी थी कि "नोबेल" किसी "कसाई के खूंटे से बंधने" के लिए तैयार नहीं था और न ही घुटने टेकने के लिए तैयार था। क्योंकि "नोबेल" तो "शांति का प्रतीक" है, जिसे कोई "शांति दूत" ही प्राप्त करने का अधिकारी हो सकता है। जबकि विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रहे अधिकांश युद्धों में विश्व का "दादा" बनने की चाह में ट्रंप की भूमिका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रही है। ट्रम्प पहले युद्ध को भड़काने और बढ़ाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हैं, और फिर "चौधरी" बनकर ''चौधराहट'' कर सैन्य शक्ति और बमबारी के दम पर शांति स्थापित करने की नौटकीं कर "नरेटिव" बनाने की कोशिश करते हैं। ट्रंप की यह तथाकथित "शांति स्थापना" असल में 24 कैरेट की नहीं, बल्कि 5 माइक्रॉन गोल्ड-पॉलिश वाली थी। दिखने में चमकदार, पर असली नहीं। सच तो यह है कि अगर अमेरिका अपने सैन्य उद्योगों व सामानों के लिए बाजार के लिए युद्ध न भड़काए, तो विश्व में स्वयंमेव शांति बनी रह सकती है। आखिर "जिसका धंधा ही कफन और ताबूत का हो, वह शांति कैसे चाहेगा!" यही कारण है कि इस बार वास्तव में शांति और लोकतंत्र दोनों की जीत हुई है। पिछले छह महीनों से डोनाल्ड ट्रंप हर मंच पर जबरदस्त लॉबिंग कर प्रयासरत थे कि उन्हें 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार मिल जाए। ट्रम्प ने दूसरे देशों पर भी जबरदस्ती दबाव बनाया। इतने अति आत्मविश्वास में थे कि उन्होंने वाईट हाउस में नोबेल पुरस्कार मिलने की आशा में स्वागत कार्यक्रम की तैयारी भी चालू कर दी थी। उनका तर्क था कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम से लेकर विश्व के कई हिस्सों में "शांति स्थापित करने" के सफल प्रयास किए हैं। अमेरिका के प्रतिष्ठित समाचार पत्र "द गार्जियन" के अनुसार, ट्रंप नोबेल पुरस्कार पाने की दृष्टि से इतने मोहग्रस्त हो गए थे कि उन्होंने अपनी विदेश नीति ही इस उद्देश्य से गढ़ ली थी। परंतु ट्रंप यह भूल गए कि "नोबेल"



पाने के लिए सिर्फ युद्धविराम नहीं, बल्कि मन और मंशा दोनों की शांति जरूरी है। अतः ''ट्रंप कार्ड'' (तुरूप का एक्का) नहीं चला। ट्रंप ने "नई टैरिफ नीति" लाकर "टैरिफ वॉर" छेड़ दी। यानी तथाकथित शांति की बात करते-करते नई ''अशांति'' पैदा कर दी। नोबेल के लिए जिस शांति की आवश्यकता है, वह सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक राजनैतिक, संवैधानिक, व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक समस्त क्षेत्रों में। सच तो यह है कि "कच्चे घड़े में पानी भरने के प्रयास में घड़ा बिखर जाता है"। हुआ यही। आज चर्चा इस बात की नहीं कि नोबेल पुरस्कार किसे मिला, बल्कि इस बात की ज्यादा है कि ट्रंप को नहीं मिला! यही असल में "नोबेल पुरस्कार" की जीत है, जिसने ट्रंप के बनाये "नरेटिव" को पूरी तरह ध्वस्त कर अपनी सर्वकालीन प्रतिष्ठा बनाये रखी। वैसे विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा नोबेल पुरस्कार की ''गंभीर दावेदारी करने'' नोबेल पुरस्कार की महत्ता व प्रतिष्ठा पर मोहर लगी। "नोबेल पुरस्कार" डोनाल्ड ट्रंप जैसे व्यक्ति के पास न जाकर सचमुच में उसने अपनी इज्जत बचा ली। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि "चक्की में से साबुत निकल आने वाले" ट्रंप ने भारत में अपने संपर्कों के माध्यम से किस तरह का दबाव बनाने की कोशिश की थी। परंतु अंततः वे औंधे मुंह ही गिर पड़े। "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद भारत-पाक युद्ध विराम का श्रेय लेने के लिए उन्होंने लगभग 50 बार दावा किया। यद्यपि भारत ने अधिकतम रूप से इससे इंकार किया। परन्तु प्रधानमंत्री मोदी ने उनका नाम लेकर कभी सीधा खंडन नहीं किया। ट्रंप के "पालित जमूरे" पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ परस्पर घोर विरोधी इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ट्रंप को नोबेल पुरस्कार दिए जाने के लिए नामजद किया। इसी प्रकार अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव सहित पांच देशों ने भी उसी तर्ज पर उनका समर्थन किया। अहा! "सूप बोले तो चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद"! ''विश्व का सबसे पुराना'' लोकतंत्र वाला देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने "विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र" देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के विरुद्ध की गई सैन्य करवाई से टैरिफ वार की धमकी द्वारा "बातचीत की टेबल" पर लाने का दावा कर अपने लिए "नोबेल" का रास्ता खोला। परंतु सच यह है कि "कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय के मद में चूर" ट्रंप ने खुद को "पीस प्रेसिडेंट" बताते हुए नौ महीने के कार्यकाल में "आठ युद्धों को समाप्त करने" का झूठा दावा किया। लोकतंत्र का सीधा संबंध शांति से होता है। यही कारण है कि तानाशाही शासक वाला देश वेनेजुएला में लोकतंत्र की रक्षा हेतु 30 वर्षों से संघर्षरत मारिया को यह पुरस्कार मिला।

आज जब हम चारों ओर नजर दौड़ाते हैं, तो पाते हैं कि लोकतांत्रिक देशों में भी "प्राकृतिक शांति" नहीं, बल्कि "दादागिरी की शांति" हावी है। लोकतंत्र भी आजकल निर्वाचित निरंकुश में बदल गया। ट्रंप अपनी "दादागिरी" स्थापित करने के लिए कभी युद्ध करवाते हैं, कभी रुक जाते हैं। नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए आपको "शांति दूत" बनना पड़ता है, न कि ''शांति का व्यापारी''। लेकिन आज की विश्व व्यापी राजनीति में भी ''परसेप्शन और ब्रांडिंग'' का बोलबाला है। इसलिए ट्रंप पहले युद्ध के मैदान ''सजाते'' हैं, दो देशों के बीच तनाव को बढ़ाते हुए युद्ध के दुष्चक्र में झोंक देते हैं, फिर कैमरे के सामने शांति के ''मसीहा'' बनने का असफल प्रयास करते हैं। इस बार नोबेल समिति ने न केवल एक सच्चे लोकतंत्र सेवी को सम्मानित किया, बल्कि स्वयं "नोबेल" की गरिमा और प्रतिष्ठा भी अक्षत रखी। इसलिए कहा जा सकता है। "नोबेल जीता नहीं, बल्कि इस बार सचमुच 'शांति' ने जीता है।"

(लेखक पूर्व बैतूल नगर सुधार न्यास अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य
मुनीष भाटिया



# त्योहारों की मिठास में घुल रहा मिलावट का ज़हर

भारत त्योहारों का देश है, जहाँ हर पर्व खुशियों, रिश्तों और मिठास का प्रतीक माना जाता है। दिवाली, दशहरा, रक्षाबंधन या होली, हर उत्सव में मिठाइयाँ हमारे भावनात्मक जुड़ाव का हिस्सा बन जाती हैं। कोई रिश्ता बिना मिठाई के अधूरा लगता है, क्योंकि यही मिठाई हमारी संस्कृति की पहचान है। दुखद सच्चाई यह है कि आज यही मिठाई धीरे-धीरे ज़हर में बदलती जा रही है। हर त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयों और नकली मावे का कारोबार चरम पर पहुँच जाता है, जिससे न केवल त्योहारों की पवित्रता प्रभावित होती है बल्कि आम लोगों का स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में पड़ जाता है। त्योहारों के समय मिठाइयों की मांग अचानक कई गुना बढ़ जाती है। बढ़ती मांग के बीच कुछ व्यापारी लालच के चलते शुद्धता की जगह सस्ते और हानिकारक विकल्पों का सहारा ले लेते हैं। असली दूध या खोये की जगह सिंथेटिक मावा बनाया जाता है, जिसमें यूरिया, डिटर्जेंट, तेल और स्टार्च जैसी चीजें मिलाई जाती हैं। यह दिखने में भले ही असली लगे, पर शरीर के लिए जहर साबित होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे पदार्थ लिवर, किडनी और दिल पर सीधा असर डालते हैं और लंबे समय में कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। त्योहारों से पहले देश के अलग-अलग राज्यों में खाद्य विभाग और पुलिस द्वारा भारी मात्रा में नकली मावा और दूध की खेप पकड़ी जाती हैं। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली-एनसीआर, आगरा, मथुरा, कानपुर, झांसी, ग्वालियर और भोपाल में लाखों लीटर मिलावटी दूध और सैकड़ों किलो नकली मावा पकड़ा गया है। कई बार ये खेपें राज्यों की सीमाओं के पार से ट्रक भरकर लाई जाती हैं, ताकि त्योहारों के समय अचानक बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा सके। यह स्पष्ट होता है कि त्योहारों की भीड़-भाड़ और बढ़ते उपयोग ने मिलावटखोरों के लिए एक बड़ा और संगठित बाजार तैयार कर दिया है, जहाँ लालच के आगे न तो सेहत की चिंता बची है और न ही नैतिकता की परवाह। आज मिठाइयों की चमक जितनी बढ़ी है, उतनी ही उसमें खतरे की परतें भी चढ़ी हैं। बाजारों में बिकने वाली चमकीली बर्फी और रंगीन मिठाइयाँ आकर्षक ज़रूर लगती हैं, लेकिन अक्सर इनमें कृत्रिम रंगों और रसायनों का प्रयोग किया जाता है। ये रंग खाद्य उपयोग के लिए प्रमाणित नहीं होते। इन्हें वस्त्र या पेंट उद्योग में इस्तेमाल किया जाता है, पर सस्ते दामों में आसानी से मिलने के कारण कई व्यापारी इन्हें मिठाइयों में मिला देते हैं। ये रंग शरीर में एलर्जी, पेट के संक्रमण, त्वचा संबंधी रोग और दीर्घकाल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकते हैं। भारतीय मिठाइयों की पहचान कही जाने वाली 'चांदी का वर्क' भी अब शुद्धता की गारंटी नहीं रह गया है। परंपरागत रूप से यह वर्क असली चांदी से बनाया जाता था, जो शरीर के लिए हानिकारक नहीं है। परंतु अब कई जगहों पर एल्यूमिनियम से बने नकली वर्क का उपयोग हो रहा है, जो सस्ता होता है लेकिन स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। यह एल्यूमिनियम शरीर के तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाता है और लंबे समय तक सेवन करने पर याददाश्त कमजोर होने, सिरदर्द और न्यूरोलॉजिकल विकारों का कारण बन सकता है। कई बार मिठाई बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी भी होती है और मिलावटी मावा या रंगीन पदार्थ जब्त किए जाते हैं। परंतु सच्चाई यह है कि ये कार्रवाइयाँ अक्सर सीमित और दिखावटी रह जाती हैं। कई बार पकड़े गए व्यापारी मामूली जुर्माना भरकर फिर वही कारोबार शुरू कर देते हैं। स्थायी सुधार तब तक संभव नहीं, जब तक खाद्य सुरक्षा कानूनों को सख्ती से लागू न किया जाए और दोषियों को कठोर दंड न मिले। मिलावटी मिठाइयां सिर्फ स्वाद की धोखाधड़ी नहीं, बल्कि जीवन के साथ खिलवाड़ हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह और भी खतरनाक साबित होता है। त्योहारों के मौसम में खाद्य सुरक्षा विभाग को राज्य स्तर पर विशेष अभियान चलाने चाहिए। प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि नमूनों की जांच तेज़ी से हो सके। दोषियों पर सख्त दंड और सार्वजनिक नामांकन का प्रावधान होना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को बताया जाए कि असली और नकली मावे में अंतर कैसे पहचाना जाए। यदि हम मिलावटी मिठाइयों के मोह में स्वास्थ्य खो दें, तो त्योहारों की खुशी का अर्थ ही समाप्त हो जाएगा। कुछ पल की नकली मिठास का असर वर्षों तक शरीर पर भारी पड़ता है। आज आवश्यकता है सामूहिक प्रयास की, सरकार, व्यापारी और उपभोक्ता तीनों की साझा जिम्मेदारी ही इस संकट का स्थायी समाधान बन सकती है। शुद्धता से भरा एक छोटा टुकड़ा मिठाई, नकली चमक से भरे किलो भर ज़हर से कहीं बेहतर है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

## मृत्यु अटल है, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### न्यूनतम पेंशन में की जाए वृद्धि

केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारी पेंशन योजना के तहत प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि कर सकती है। अभी यह न्यूनतम पेंशन लगभग 1000 रुपए है। अगर सरकार इस पेंशन को लगभग 7500 रुपए कर देती है तो इससे करोड़ों लोगों को खुशी होगी और इससे इनकी बुढ़ापे में अपने खर्चे की टेंशन कुछ कम होगी। देश के हर कर्मचारी, चाहे वो सरकारी नौकरी का हो या निजी किसानों-संस्थान का, को पेंशन महंगाई के हिसाब से मिलनी चाहिए। 60 वर्ष के बाद तो किसी भी व्यक्ति में इतनी एनर्जी नहीं रह जाती कि वो अपने खर्चे पूरे करने के लिए और कोई नौकरी कर ले या काम धंधा कर ले। इसलिए उचित पेंशन जरूरी है। *- विकास जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### आपातकाल के कष्ट



आज की युवा पीढ़ी शायद नहीं जानती कि आपातकाल के समय हमने क्या-क्या कष्ट झेले थे। घुटनों और कोहनियों पर डंडे मारे गए, गालियाँ दी गईं, किसी को बिजली के करंट के झटके दिए गए, किसी को बर्फ की सिल्ली पर सुला दिया गया

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### आत्मनिर्भर भारत



दिल्ली के बाजारों, दिवाली मेलों और मिलन समारोहों में इस बार उत्साह का नया रंग है। हर आयोजन में आत्मनिर्भर भारत का संदेश है। आयोजक सभी नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक कर रहे हैं और व्यापार को नई दिशा मिली है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### महिलाओं का उत्पीड़न



उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के उत्पीड़न, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### लैंगिक समानता जरूरी



लैंगिक समानता सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति की आधारशिला है। हमें हर बालिका के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने होंगे, उन्हें बदलाव की अग्रिम पंक्ति में रखकर, उनकी आकांक्षाओं पर प्रतिक्रिया देकर और उन्हें निर्णय लेने के क्षेत्र में शामिल करके।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# फिलीपीन के जहाज को चीनी तटरक्षक बल ने मारी टक्कर

चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपीन सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। फिलीपीन के तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी। हालांकि इस घटना में फिलीपीन के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपीन के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया। चीन ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। फिलीपीन तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टैरिएला ने एक बयान में कहा कि इस तरह की आक्रामकता फिलीपीन को ''किसी भी विदेशी ताकत को अपनी जमीन का एक इंच भी सौंपने'' के लिए मजबूर नहीं करेगी।



## ऑफ बीट

# विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर के खतरे कम

त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि विटामिन बी3 का यह रूप पराबैंगनी किरणों से होने वाली क्षति के बाद त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत प्रणालियों को मजबूत करता है, सूजन कम करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को असामान्य कोशिकाओं का पता लगाने तथा उन्हें हटाने में मदद करता है। नये अध्ययन में 12,000 से अधिक रोगियों, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय तक प्रतिदिन दो बार 500 मिलीग्राम निकोटिनामाइड लेना शुरू किया, की तुलना 21,000 से अधिक रोगियों से की गई, जिन्होंने इसे नहीं लिया। निकोटिनामाइड लेने वालों में फिर से त्वचा कैंसर के विकास का जोखिम 14 प्रतिशत कम देखा गया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## महिला विश्व कप में भारत की लगातार दूसरी हार

# ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड जीत दर्ज करके भारत की सेमीफाइनल की राह मुश्किल की

भाषा ▶▶ विशाखापत्तनम

कप्तान एलिसा हीली की 142 रन की मैराथन पारी और अनाबेल सदरलैंड के पांच विकेट के दम पर आस्ट्रेलिया ने महिला विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए रविवार को भारत को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल की उसकी राह मुश्किल कर दी।

जीत के लिये 331 के रिकॉर्ड लक्ष्य को हीली की पारी ने आसान बना दिया जिन्होंने 107 गेंद में 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 142 रन बनाये और एलिसे पैरी ने चोट के कारण मैदान छोड़ने के बाद वापसी करके स्नेह राणा को छक्का लगाकर एक ओवर बाकी रहते टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले महिला विश्व कप में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड भी आस्ट्रेलिया के नाम था जब उसने 2022 में भारत के ही खिलाफ आकलैंड में 278 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

### डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से हराया, कप्तान एलिसा हीली का शतक



सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे क्रिकेट में पहली बार तीन सौ से अधिक के लक्ष्य का पीछा करके कामयाबी हासिल की है। इससे पहले फॉर्म में लौटी स्मृति मंधाना (80) और प्रतिका रावल (75) के बीच पहले विकेट की 155 रन की साझेदारी की मदद से भारत ने विश्व कप में अपना सर्वोच्च स्कोर 330 रन बनाया हालांकि सदरलैंड ने पांच विकेट चटकाकर मेजबान पारी को सात गेंद पहले ही समेट दिया। भारत ने आखिरी छह विकेट 36 रन के भीतर गंवा दिये जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। भारत को अब सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ अगले तीनों मैच जीतने के अलावा बाकी मैचों के परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी।

### बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगा अफ्रीका

*विशाखापत्तनम। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है।*

# फॉलोऑन के बाद वेस्टइंडीज का पलटवार कैंपबेल और होप की शतकीय साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही। वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है, जो वेस्टइंडीज के नाम रहा। कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा।

■ **भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट को चौथे दिन खींचने में सफल वेस्टइंडीज**

### वेस्टइंडीज दूसरी पारी में 173/3, भारत से अभी 97 रन पीछे



### कुलदीप का कमाल

कुलदीप यादव ने शनिवार को दूसरे टेस्ट में सबसे पहले एलिक एथानाजे को सबसे पहले आउट किया, जिनका कैच रवींद्र जडेजा ने लिया। फिर रविवार की सुबह उन्होंने शे होप को आउट किया। कुलदीप यादव का तीसरा विकेट टेविन इमलैच के तौर पर आया। इसके बाद उन्होंने जेडन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। लेफ्ट आर्म स्पिनर ने पांचवां शिकार जेडन सील्स का किया।

### स्कोर बोर्ड

| वेस्टइंडीज दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉन कैंपबेल नाबाद | 87 | 145 | 9 | 2 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| एलिस अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| शाई होप नाबाद | 66 | 103 | 8 | 2 |

**अतिरिक्त :** 28,
**कुल योग:** 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन
**गेंदबाजी :** सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

**कुलदीप ने 5 विकेट लेकर रचा इतिहास**: 5 विकेट लेकर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के स्पिनर जॉनी वॉर्डल के सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। ये रिकॉर्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर के जरिए है। वॉर्डल ने अपने 9 साल के इंटरनेशनल करियर में 28 टेस्ट खेले हैं और 5 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप

# स्पर्धा में लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे भारतीय शटलर



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

मिश्रित टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय दल सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 साल पहले पुणे में रहा था जब साइना नेहवाल ने लड़कियों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता के इतिहास में कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिनमें चार रजत पदक शामिल हैं। इस चरण में भारत के पास एक और स्वर्ण पदक जोड़ने का सबसे अच्छा मौका लड़कियों के एकल वर्ग में है, जिसमें जूनियर विश्व नंबर एक तन्वी शर्मा और चाइना ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची उन्नति हुड्डा शामिल हैं। दोनों खिलाड़ियों को ड्रॉ के अलग-अलग हिस्सों में रखा गया है, जिससे भारतीयों के बीच संभावित फाइनल की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

#### उन्नति करेंगी किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत

एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता तन्वी को शुरुआती दौर में बाई मिली है और इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त थलिता विर्यावान के खिलाफ संभावित क्वार्टरफाइनल उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आठवीं वरीय उन्नति दूसरे दौर में हांगकांग की लियू होई किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। भारत की एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के और विश्व में 41वें नंबर की रक्षिता श्री को अंतिम चार में पहुंचने के लिए कुछ कठिन मुकाबलों से गुजरना होगा।

#### लड़कों के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता कठिन

लड़कों के एकल वर्ग के दावेदारों के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता और भी कठिन होगा, जहां लालथाजुआला हमार का सामना विश्व जूनियर नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबैदिल्लाह से अंतिम 32 में होने की संभावना है। 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान को चीन के ली जी हैंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



# पेनल्टी किक पर गोल करने से चूके रोनाल्डो

एजेंसी ▶▶ लंदन

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में आयरलैंड को 1-0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और ज़ोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2-0 से हराया। स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2-0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

### 1990 के बाद क्वालीफाई करने के करीब यूएई

**दोहा।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2026 फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में ओमान को 2-1 से हराकर 1990 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया है। यूएई को स्वतः क्वालीफिकेशन के लिए अब मंगलवार को मेजबान कतर के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरुरत है। इस हार से ओमान की तीन-टीम वाले ग्रुप ए को जीतकर पहली बार विश्व कप के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टीम हालांकि अब भी दूसरे स्थान पर रहकर पांचवें दौर में आगे बढ़ सकती है। यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह मेजबानी में आयोजित होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

# भारत ने 26/11 मुंबई हमले के आतंकियों को मारने का मौका गंवाया, सौ फीसदी थी सटीक जानकारी

*खुलासा हुआ है कि मुंबई हमलों के शुरूआती हफ्तों में मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के कई शीर्ष आतंकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी। पाकिस्तान ने इन आतंकियों की "असामान्य मूवमेंट" को जानबूझकर दिखाया था, ताकि भारत को संकेत मिले कि पाकिस्तान उन आतंकी मास्टरमाइंड्स को "कुर्बान" करने को तैयार है।*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद/नई दिल्ली

भारत के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारत के पास 26/11 मुंबई हमले के बाद आतंकियों को मारने का बहुत बड़ा मौका था। अधिकारी, जो मुंबई हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने वाली टीम का हिस्सा था, उन्होंने खुलासा करते हुए कहा है कि नई दिल्ली ने पाकिस्तान स्थित शीर्ष आतंकवादी नेतृत्व को खत्म करने का एक दुर्लभ ऑपरेशनल मौका गंवा दिया।

इस टीम ने आकलन किया था कि अगर भारत कार्रवाई करता है तो पाकिस्तान भारत के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला करने की स्थिति में ही नहीं था और तनाव बढ़ने से बचने के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के टॉप लीडर्स की 'कुर्बानी' देने के लिए तैयार हो गया था। रिपोर्ट में उस बड़े अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पूरी ऑपरेशनल मंजूरी दे दी थी। अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से तनाव बढ़ने का खतरा बेहद कम था।

- **खुफिया एजेंसियों ने दी थी ऑपरेशन की मंजूरी**
- **आंतकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी**



### कुख्यात आतंकियों को लेकर थी सटीक जानकारी

अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा कि मुंबई हमलों के शुरूआती हफ्तों में मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के कई शीर्ष आंतकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी। इन आतंकियों की असामान्य मूवमेंट को जानबूझकर दिखाया गया, ताकि भारत को संकेत मिले कि पाकिस्तान उन्हें कुर्बान करने को तैयार है। अधिकारी के मुताबिक वे जानते थे कि हम देख रहे हैं। उन्होंने कुछ हद तक खुलकर इन आतंकियों को मूव कराया ताकि हम कार्रवाई करें। लेकिन हमने वह कदम नहीं उठाया।

### अंतिम फैसला राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में था

अधिकारी के मुताबिक पाकिस्तान की सैन्य, वित्तीय और कूटनीतिक कमजोरी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली को कार्रवाई करने की पूरी मंजूरी है, और आकलन से पता चलता है कि इस्लामाबाद सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार था, और नई दिल्ली के हमले की आशंका से डरा हुआ था। सूचनाओं ने यह संकेत दिया था कि पाकिस्तान न तो संसाधनों से लैस था और न ही मनोवैज्ञानिक रूप से युद्ध के लिए तैयार। भारत की सभी खुफिया एजेंसियों ने "ऑपरेशनल क्लियरेंस" दे दी थी, लेकिन अंतिम फैसला राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में था। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा है कि हमने अपनी पूरी रिपोर्ट दी, इनपुट्स शेयर किए और बताया कि पाकिस्तान सैन्य रूप से कमजोर स्थिति में है। वह किसी सीमित जवाबी कार्रवाई को सहन कर सकता था, लेकिन बड़े युद्ध के लिए तैयार नहीं है।

# ट्रंप ने पीएम मोदी को न्योता भेजा, मिस्र में होने वाले गाजा शांति सम्मेलन के लिए आया निमंत्रण

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

- भारत की ओर से कीर्ति वर्धन सिंह करेंगे प्रतिनिधित्व
- आज मिस्र में आयोजित होने वाले गाजा शांति सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया है।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज (13 अक्टूबर) को गाज़ा के लिए मिस्र में होने वाले "शांति सम्मेलन" में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। शांति सम्मेलन में शामिल होने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी की तरफ से भी प्रधानमंत्री मोदी की न्योता आया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार यह निमंत्रण शनिवार को अमेरिका और मिस्र की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया था।



### अफगान मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैठी दिखीं महिला पत्रकार

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं। इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्तकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया-यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था। पिछली बार पत्रकारों की छोटी लिस्ट तैयार की गई थी, क्योंकि समय कम था। इसके अलावा कोई दूसरा इरादा नहीं था।







Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.